वाराणसी, गुरुवार 30 जनवरी, 2025

माघ, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 13, अंक 352, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : दारुण राजनीतिक परिवेश में एक जीवनदायी स्वप्न



अन्दर : कुंभ को देखना एक जीवंत परंपरा को देखने जैसा

डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# महाकुंभ में हुई मौत की भगदड़

## 40 की मौत, आईजी ने 30 लोगों के मरने की पुष्टि की

### भगदड़ की दो प्रमुख वजह

1. अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई।
2. संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक दूसरे के ऊपर गिरते गए।



### बड़ा हादसा

### 25 की हुई शिनाख्त 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया

**प्रयागराज।** महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या अब तक 35 से 40 हो चुकी है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। सरकार ने 17 घंटे बाद महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। आईजी वैभव कृष्ण ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। इनमें 25 की शिनाख्त हो चुकी है। 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बैरिकेडिंग टूटने की वजह से भगदड़ मची थी। हादसा मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। भगदड़ उस वक्त मची जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान लिए इंतजार कर रहे थे। बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज में 20 शव रखे थे। आखिरी शव पर 40 नंबर लिखा हुआ था। इससे पहले मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेले से 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। वे उन्हें लेकर चले भी गए हैं। हादसे की वजह से कई अखाड़ों ने सुबह के समय अमृत स्नान करने से मना कर दिया था। दोपहर बाद संतों ने संगम में डुबकी लगाई। प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

बता दें कि देर रात करीब 2 बजे संगम की ओर दौड़ती एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों के तेज सायरन की आवाजें कुंभ मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकरों से गूंजते मंत्रों और श्लोकों के बीच गूंज रही थीं। इस हादसे के बाद अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया गया था, लेकिन दोपहर में हालात स्थिर होने पर सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। एजेंसी के मुताबिक शाम 5 बजे तक करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

पीटीआई के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस हादसे का एक कारण संगम पर श्रद्धालुओं की अचानक भीड़ का बढ़ना था, सभी लोग सुबह 3 बजे पवित्र स्नान करना चाह रहे थे। घायलों को मेला क्षेत्र में बनाए गए केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया। कई घायलों के रिश्तेदार भी वहां पहुंचे, साथ ही कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी वहां पहुंचे। सुरक्षाकर्मी और बचावकर्मी कई घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाते देखे गए। कंबल और बैग समेत लोगों के सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे।





## 25-25 लाख की मदद का ऐलान

### ये घटना दिल दहला देने वाली: सीएम योगी

**लखनऊ।** प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 60 लोग घायल हैं। इस घटना की जांच के लिए सीएम योगी ने कमेठी के गठन का ऐलान किया है। भगदड़ का जिक्र करते हुए सीएम योगी की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा कि ये घटना बेहद दुखद है। श्रद्धालुओं की मौत से बेहद दुखी हूं। ये मर्माहत करने वाला है। उन सभी परिजनों के प्रति हमारी संवेदना है, जिनके परिजन इस घटना की चपेट में आए हैं। उन्होंने कहा कि हम कल रात से ही मेला प्राधिकरण पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं, भी जो व्यवस्थाएं हो सकती थीं वो की गईं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम राज्य सरकार की ओर से दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी कर रहे हैं। न्यायिक आयोग पूरे मामले की जांच करेगा और एक समय सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। इस संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी खुद एक बार प्रयागराज का दौरा करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर उन सभी मुद्दों पर गौर करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य सभी व्यवस्थाएं जो की जा सकती थीं, वहां तैनात की गई हैं।

### 'प्रयागराज में 36 लोगों का इलाज चल रहा'

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने के लिए कल शाम 7 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, हादसे में 90 से अधिक लोग घायल हो गए। इसमें 30 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में 36 लोगों का इलाज चल रहा है, यह घटना इसलिए हुई क्योंकि भीड़ ने अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी।

## अपनों को तलाश रहे लोग, कई मिले तो कई हैं लापता

**प्रयागराज।** महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान के दौरान मची भगदड़ में 50 से 60 लोग दब गए और कई घायल हो गए हैं। इस घटना में कई श्रद्धालु लापता बताए जा रहे हैं और उनके परिजन उन्हें ढूंढने इधर-उधर भटक रहे हैं। लोगों ने बताया कि अचानक भीड़ बढ़ी तो लोगों को संभालना मुश्किल हो गया, जिससे भगदड़ मच गई।

### भटक रहे परिजन

### मेला प्रशासन ने घटना पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया

कोलकाता से महाकुंभ में स्नान करने आई एक महिला ने हादसे के बारे में बताया कि वह अपने चार साथियों के साथ स्नान के लिए आई थी, लेकिन अचानक मची भगदड़ में वे सभी इधर-उधर हो गए और अब उन्हें बताया गया कि उनके साथ आए सभी लोगों की मौत हो चुकी है। महिला का कहना है कि भगदड़ में वे भीड़ में दब गई थीं और जैसे-जैसे लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए, हालात बिगड़ते गए। महिला ने रोते हुए बताया कि अब वह अकेली रह गई है और उन्हें अपने खोए हुए लोगों का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि वह अपने माता-पिता और बच्चों के साथ महाकुंभ में स्नान करने आया था। भगदड़ में उसके माता-पिता और बच्चे दब गए। उसने बताया कि पहले वह किसी तरह भीड़ से निकला और फिर एक-एक कर अपने बच्चों और पिता को निकाला, लेकिन उसकी मां काफी नीचे दब गई। बाद में उसने अपनी मां को भी बाहर निकाला, लेकिन उनकी हालत बहुत खराब थी। उसने बताया कि अचानक भीड़ का बढ़ना और एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने से भगदड़ मची, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। उसने कहा कि इस भगदड़ में 50 से 60 लोग दब गए हैं और कई लोगों की मौत भी हो गई है। चित्रकूट से आए एक श्रद्धालु ने बताया कि वह अपने बहनोई के साथ महाकुंभ स्नान के लिए आया था। उन्हें संगम के तट पर पहुंचने से पहले ही प्रशासन ने रोक लिया और फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कुछ ही देर में भगदड़ मच गई और वह अपने बहनोई से बिछड़ गया। उसने बताया कि जब वह घटनास्थल पर लौटे तो वहां लाशें पड़ी थीं, उनके आसपास कपड़े और बैग थे, लेकिन उनके बहनोई का कोई पता नहीं चला। उन्होंने अस्पताल और मचुरी तक जाकर उन्हें तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। वह परेशान है और प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए है।महाकुंभ मेला प्रशासन की तरफ से इस घटना पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। एक न्यूज चैनल ने चश्मदीदों की बातों को सुना गया है, लेकिन प्रशासन ने इस मामले की पुष्टि या कोई जानकारी साझा नहीं की है। इस बीच, श्रद्धालु और उनके परिजन एक-दूसरे को ढूंढने के लिए परेशान हैं जो इस भगदड़ में बिछड़ गए हैं। इस भगदड़ ने कई परिवारों को दुखों से भर दिया।



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चॉंदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

### महाकुंभ भगदड़ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले परिवार वालों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,"प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।"

### मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं: मोदी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, श्प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने सीएम योगी से फोन पर हुई बातचीत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### महाकुंभ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता कर रहा है।"

### महाकुंभ में हुए दु:खद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं: शाह

वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी हादसे पर दुख जताते हुए लिखा, महाकुंभ में हुए दु:खद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दें। प्रशासन घायलों को अस्पतालों में उपचार दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं।

### दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन जिम्मेदार: राहुल गांधी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और वीआईपी मूवमेंट को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, श्प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कइयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र में व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, श्इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है।

### बेहद दुखद घटना, महाकुंभ भगदड़ पर बोले विपक्षी दल

महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में मची भगदड़ पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दुख जताया है। अखिलेश यादव ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है।

### प्रयागराज पहुंच रहीं खाली ट्रेनें, श्रद्धालुओं की वापसी के लिए तैयारियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने महाकुंभ भगदड़ के बाद एक बड़ा अपडेट दिया है। रेलवे ने कहा है कि हमने किसी ट्रेन के संचालन को नहीं रोका है। बुधवार सुबह हुई भगदड़ के बाद प्रशासन ने सुरक्षा की व्यवस्था और मुस्तैद कर दी है। इस बीच रेलवे ने कहा है कि, हमने किसी भी ट्रेन संचालन को रोका नहीं है। प्रयागराज क्षेत्र में यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण हम खाली रेल भेजकर भीड़ को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इस समय हमारी प्राथमिकता स्टेशन क्षेत्र को खाली कराना है। रेलवे ने यात्रियों को प्रयागराज क्षेत्र से वापस लाने के लिए प्लानिंग की है, जिसके तहत 360 से अधिक गाड़ियों को प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों से चलाने की योजना है। हालांकि, रेलवे ने कुछ ट्रेनों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। इससे महाकुंभ जाने वालों और वहां से लौटने की तैयारी कर रहे लोगों को काफी मदद मिलेगी।

## महाकुंभ: भारी भीड़ से धरे रह गए सारे इंतजाम

नई दिल्ली। प्रयागराज महाकुंभ में जिस अनहोनी का अंदेशा हुआ आखिर वही हुआ। मौनी अमावस्या पर स्नान से पहले संगम नोज पर भीड़ के चलते भगदड़ मच गई। इस वजह से वहां अफरा-तफरी मच गई। ताजा जानकारी के मुताबिक अबतक इस भगदड़ में 10 लोगों की मौत की आशंका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

### कुंभ में हादसों का इतिहास

**1954:**आजादी के बाद पहली बार 1954 में प्रयागराज में कुंभ आयोजित किया गया था। नए-नए भारत की प्रशासनिक मशीनरी ऐसे आयोजनों के लिए अभयस्त नहीं थी। 3 फरवरी 1954 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिए उमड़े श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। इस दौरान लगभग 800 लोग नदी में डूबकर या तो कुचलकर मर गए।

**1986:** ये कुंभ मेला हरिद्वार में लगा था। इस दौरान भी भगदड़ मची इसमें भी दर्जनों लोग दबकर मर गये थे। रिपोर्ट के अनुसार 14 अप्रैल 1986 को इस मेले में यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह, कई राज्यों के सीएम और सांसदों के साथ हरिद्वार पहुंचे थे। इस कारण आम लोगों की भीड़ को तट पर पहुंचने से रोका गया। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। दैनिक जागरण की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में 200 लोगों की मौत हुई थी।

**2003:** 1986 के हादसे के बाद लंबे समय तक कुंभ मेला सफलतापूर्वक चलता रहा। इस दौरान क्राउड मैनेजमेंट में भी सुधार होता रहा। लेकिन 2003 में नासिक कुंभ में एक बार फिर हादसा हुआ। नासिक में आयोजित कुंभ मेले के दौरान एक भयानक भगदड़ मच गई थी, जिसमें 39 तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी। यह घटना बेहद दुखद थी और इसने लाखों लोगों को झकझोर कर रख दिया था। इस कुंभ हादसे में 100 लोग जख्मी हो गए थे।



**2010:** इस बार का कुंभ मेला हरिद्वार में हो रहा था। बीबीसी के अनुसार 14 अप्रैल 2010 को हरिद्वार कुंभ में शाही स्नान के दौरान साधुओं और श्रद्धालुओं के बीच झड़प के बाद मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई थी और 15 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बारे में चश्मदीदों ने बताया था कि साधुओं और श्रद्धालुओं में कहासुनी हुई जिसके बाद लोगों में भगदड़ मच गई थी। और लोग इधर-उधर भागने लगे थे।

**2013:** नासिक कुंभ के 10 साल बाद 2013 के प्रयागराज कुंभ में एक बार फिर हादसा हुआ। लेकिन इस बार ये हादसा इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुआ था। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक फुटब्रिज पर रेलिंग गिरने के बाद भगदड़ मची। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि स्टेशन पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया। इस वजह से भगदड़ मची। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई। इनमें 29 महिलाएं, 12 पुरुष और एक आठ साल की बच्ची शामिल थी। इसी घटना में 45 लोग जख्मी भी हो गये थे।

**2013** के बाद भगदड़ की घटना 2025 में हुई है। जहां अबतक प्रशासन ने 10 लोगों की मृत्यु की आशंका जताई है। इस हादसे के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से अपील की है कि आप जहां हैं वहीं स्नान करें। उन्होंने लिखा, श्मां गंगा के जिस घाट के आप समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें।आप सभी प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, गुरुवार 30 जनवरी, 2025



# महा कुम्भ में गयी वृद्धा की मौत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैन्ट थानांतर्गत सदर बाजार निवासिनी गीता सोनकर जो परिवार के साथ कुंभ स्नान के लिए गई थी प्रयागराज में ही उनकी मौत हो गई। बेटे सुमेर सोनकर के अनुसार बहू, बेटे, नाती, पोते के साथ सोमवार को ट्रेन से मां गीता देवी भी कुंभ स्नान के लिए प्रयाग गई थी। स्नान, दर्शन और खाने के बाद मंगलवार शाम वापसी के दौरान मेडिकल चौराहे के पास मां गीता सोनकर (75) उसे आवाज दे कर गिरी और फिर नहीं उठी।

आनन फानन में परिजन उन्हें मेडिकल कालेज ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन एम्बुलेंस के माध्यम से देर रात प्रयागराज से घर सदर बाजार कैन्ट ले कर पहुचें।चार बेटे व तीन बेटियों की विधवा माँ गीता की मौत को लेकर क्षेत्र में खूब चर्चा रही और उनके अंतिम संस्कार के लिए निकली शव यात्रा में महिलाओं ने कुछ दूर तक जा कर उन्हें बिदाई दी।

## महाकुंभ में युवती लापता, परिजन परेशान

**लोहता।** क्षेत्र के छितौनी गांव की रेनू पटेल 32 वर्ष दो दिन पूर्व अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने गयी थी। लेकिन अत्यधिक भीड़ बढ़ जाने से परिवार से विछुड़ गयी है। रेनू के ससुर कमला प्रसाद पटेल ने बताया कि सायंकाल तक मेरी बहु रेनू पटेल का कुछ पता नहीं चला है। घर के लोग उसे खोज रहे है।

## महिला नर्स ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र नासीपुर इलाके में डाक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह के मकान में पिछले एक महीने से किराए पर रहने वाली बीएचयू में कार्यरत स्टॉप नर्स आरती 30 वर्षीय ने बीती रात में दुपट्टे का फंदा बनाकर फंदे पर झूल गई। मामले की जानकारी आरती के सुबह 7 बजे ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर उसके साथियों ने फोन कर किए। फोन रिसीव नहीं हुआ। पलवल हरियाणा में रहने वाले नर्स के पति डाक्टर मोहित ने फोन किया लेकिन आरती का फोन नहीं उठा है। इसके बाद पति ने मकान मालिक शैलेन्द्र को फोन किए। शैलेन्द्र के दरवाजा पीटने पर नहीं खुला। जिसके बाद उसी फ्लैट में बगल में किराए पर आरती का भाई कशिश रहकर बीएचयू से एमडी कर रहा है। मकान मालिक ने कशिश को बुला कशिश के फोन करने और आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर फोरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।मृतिका 5 दिसंबर 2024 को बीएचयू में पीडियाट्रिक विभाग में नर्स के पद पर ज्वाइन की थी। आरती का पति मोहित पलवल में प्राइवेट चिकित्सक है। मोहित पंद्रह दिन पहले तीन वर्षीय बेटी को लेकर पलवल चला गया है। पिछले कुछ दिनों ने आरती तनाव में रहती थी। मंगलवार को ड्यूटी गई थी। वहां से दोपहर में घर आई थी। पति परिजनों को लेकर हरियाणा से निकल गया है।

## वाहन की चपेट में आये वृद्ध की मौत

**वाराणासी।** सारनाथ रिंग रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार आज बुधवार की दोपहर लगभग 2:00 हृदयपुर पुलिया के पास अपनी साइकिल खड़ा कर सड़क की दूसरी तरफ से जाकर वापस अपनी साइकिल की तरफ आ रहे अज्ञात वृद्ध व्यक्ति को हरहुआ की तरफ से आ रही अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, गंभीर रूप से घायल वृद्ध व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उपचार के लिए भेजा पंडित दीनदयाल अस्पताल जाते हुए अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक आसमानी रंग का चेकदार शर्ट पहना हुआ था व ग्रे कलर का पैंट पहना था उम्र लगभग 60 वर्ष थी। थाना प्रभारी सारनाथ ने बताया कि पहचान के लिए शव को मर्चरी में रखा गया है।

# गंगा आरती कर भगदड़ में मृतकों के मोक्ष की कामना

**वाराणसी।** महापर्व मौनी अमावस्या के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मोक्षदायिनी मां गंगा के आंचल में पुण्य की डुबकी लगाई। राजघाट पर नमामि गंगे गंगा विचार मंच व 137 सीईटीएफ 39 जीटीसी गंगा टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता के लिए जनजागरण अभियान चलाया गया।

नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि व गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार देवेंद्र बसनेट के नेतृत्व में लगातार सुबह से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते नजर आए। श्रद्धालुओं के कई जत्थे को इकट्ठा कर गंगा किनारे सफाई के लिए विशेष सावधानियों के बारे में बताया। स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियों संग स्वच्छ गंगा निर्मल गंगा बनाए रखने के लिए लोगों को चेताया गया। पॉलीथिन में भरकर फेंकी गयी पूजन निर्माल्य आदि को बाहर निकाला। कार्यक्रम के दौरान जय विश्वकर्मा, भीम सिंह, विशाल अग्रहरि आदि सहितगंगा टास्क फोर्स के जवान मौजूद रहे।

## संघत बाबा मंदिर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**रामनगर।** रामपुर स्थित संगत मैदान में प्राचीन प्रसिद्ध श्री संगत बाबा का मंदिर अतिक्रमण से घिरा हुआ है। इसके चलते मंदिर की चारदिवारी और मेन गेट क्षतिग्रस्त हो गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर रामनगर में शिवबरात का आयोजन होता है और काफी संख्या में श्रद्धालु संगत मैदान में भंडारे में सम्मिलित हो कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। लेकिन मन्दिर की स्थिति दयनीय है। स्थानीय नागरिकों संगीता,गौरव,विनोद,हिमांशु, प्रहलाद, विकाश,राधेश्याम आदि ने नगर निगम से संगत मैदान स्थित मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग की है।

## रामअवध शर्मा अध्यक्ष, सुरेन्द सचिव

**हरहुआ।** हरहुआ क्षेत्र के जमालपुर स्थित इण्डेन बॉटलिंग प्लांट के कर्मचारी संघ के वार्षिक चुनाव हुआ जिसमे रामअवध शर्मा अध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार सचिव,मोहम्द इमरान उपाध्यक्ष, संगीता पाल संयुक्त सचिव, तथा कृपाशंकर कोषाध्यक्ष सभी कर्मचारी निर्विरोध निर्वाचित हुए उक्त आशय की जानकारी चुनाव अधिकारी दशरथ यादव ने दिया उन्होंने ने बताया कि सुबह 10.30 चुनाव प्रक्रिया शुरूआत हुई सभी पदों के लिए एक -एक फार्म जमा हुआ। शाम 5 भजे सभी जीते हुए पदाधिकरियों को पद व गोनियता की शपथ दिलाया गया सभी पदाधिकारियों को बधाई दिये गये।इस दौरान रामाशीष गुप्ता,अभिषेक सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन ई-रिक्शा की बैटरी चोरी

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर खुर्द क्षेत्र से बीती रात चोरों ने दरवाजे पर खड़े तीन ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर लिया। मनोज सेठ, नारायण कुमार गुप्ता और संतोष सेठ कादीपुर खुर्द के निवासी है और ई-रिक्शा चला कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। तीनों ने थाने में दिए गए तहरीर में बताया कि प्रतिदिन की भाँति बीती रात भी उन्होंने ई-रिक्शा अपने घर के दरवाजे के सामने खड़ा किया था। रात लगभग एक बजे से चार बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उन तीनों के ई-रिक्शा से बैटरी, स्टेफनी व अन्य औजार चुरा लिया। तीनों पीड़ितों ने थाने में तहरीर दिया।

कार्यालय
राजकीय बालिका इण्टर कालेज, गाजीपुर

पत्रांक: निविदा/611-18/2024-25 दिनांक: 29.01.2025

अल्पकालिक निविदा/टेण्डर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, गाजीपुर के पत्रांक-272/1 भवन दिनांक 27.01.2025 के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग, गाजीपुर के परिसर में स्थित दक्षिण-पूर्व में बालिका शौचालय के समीप स्थित पुराने, जर्जर एवं निष्प्रयोज्य भवन के ध्वस्तीकरण कराया जाना है जिसके सम्बन्ध में उपरोक्त निष्प्रयोज्य भवन के ध्वस्तीकरण कराये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में निविदा की शर्तें एवं निर्देश/आवेदन फार्म विद्यालय से 200/-रु0 नकद जमा कर प्राप्त करते हुए दिनांक 04.02.2025 के अपरान्ह 3.00 बजे तक अपनी मोहरबन्द लिफाफे में निविदा/टेण्डर राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग, गाजीपुर कार्यालय मे जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कोई निविदा/टेण्डर स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इण्टर कालेज
गाजीपुर

# पश्चिम वाहिनी में 5 लाख लोगों ने लगाई डुबकी

आस्था

**पांच किमी तक पचबहनी मेले की रंगत दूर से ही महसूस हो रही**

**गंगा की पश्चिम की ओर प्रवाहित हो रही धारा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

**चौबेपुर।** चौबेपुर क्षेत्र मे बुधवार भोर से गौराघाट से बलुआघाट सरसौल तक लगभग 05 किलोमीटर तक पचबहनी मेले की रंगत दूर से ही महसूस हो रही थी। मेले में आने वाले श्रद्धालु गंगा की पश्चिम की ओर प्रवाहित हो रही धारा में स्नान कर दान पुण्य किया। मेले के चलते क्षेत्र के मुरीदपुर, परनापुर, शिवदशा, सरसौल आदि गांवों में रौनक बिखरी रही थी। इस दौरान पुलिस जगह जगह बैरिकेटिंग कर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए।

चार पहिया वाहनों को रोक दिया था। बता दें कि चौबेपुर क्षेत्र के गौरा घाट से लेकर बलुआघाट तक गंगा की धारा पश्चिम दिशा की ओर है। गौरा घाट से लेकर गौरा उपरवार, चंद्रावती, मुरीदपुर, परनापुर, शिवदशां सरसौल,सरसौल होते हुए बलुआघाट तक लगभग 05 किलोमीटर की दूरी तक गंगा की धारा पूरब से पश्चिम दिशा की ओर है इसलिए यहां पर गंगा को पश्चिम वाहिनी गंगा कहा जाता है।मौनी अमावस्या पर्व पर यहां पश्चिमवाहिनी गंगा के विभिन्न घाटों स्नान करने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी । हजारों की संख्या में स्नानार्थी टोली बनाकर मंगल व गंगा पर आधारित गीतों को गाते गुनगुनाते पश्चिमवाहिनी गंगा तट पर पहुँच गए थे । मेले में बिजली व पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इस नाते काफी परेशानी



का सामना करना पड़ा वहीं सामाजिक संगठनों के अलावा विभिन्न पार्टी के कार्यकताओं में पवन चौबे सोनबरसा भारतीय जनता ट्रस्ट के एडवोकेट आशीष पाण्डेय और अवनीश पाठक नीशू के नेतृत्व मे भगतुआ मे भूले भटके लोगों को उनके परिजनों को सूचना देने के साथ ही चाय और नाश्ते का प्रबंध किया था। इसके अलावा डा प्रमोद कुमार व डा प्रवीण मिश्रा अमित उपाध्याय हेमंत पांडेय विशाल आदि ने स्वास्थ्य परिक्षण का मुकम्मल व्यवस्था किया था। उधर दूसरी और पुलिस प्रशासन की ओर से मेले में बड़े वाहनों का प्रवेश न हो इसके लिए स्थानीय बाजार से 1 किमी दूर ही बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया जा रहा था।

हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से चौबेपुर थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा अपने पूरे हमराहियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से चक्रमड करते दिखे लेकिन पुलिस के उदासीनता के कारण मेला युवाओं को अपनी भागीदारी निभानी पड़ी ।

लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तक लगने वाले पश्चिमवाहिनी गंगा के तट पर मेले में शामिल होने के लिए रेला उमड़ पड़ा था।वही पश्चिम वाहनी मेला प्रभारी एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि देर शाम तक पांच लाख से भी अधिक भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अहरौला, आजमगढ़

पत्रांक: 2394/लेखा/वि0आ0/टेण्डर प्रकाशन/2024-25 दिनांक 28.01.2025

आदेश

पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में क्षेत्र पंचायत अहरौला द्वारा प्रस्तावित/अनुमोदित निम्न परियोजनाओं हेतु निविदा बन्द लिफाफे में दिनांक 12.02.2025 को सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी तिथि को सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। धरोहर की धनराशि सामग्री की धनराशि का 02 प्रतिशत स्वीकृत फर्म को जमा करना अनिवार्य होगा। फार्म जो टेण्डर डालेगी उसका जी0एस0टी0/टिन/टैन नम्बर आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | क्षेत्र ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बिसईपुर | पिच रोड से धोबियाना के सामने तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.08 |
| 2 | अतरडीहा | समसल्लीपुर पिच रोड से रामअवध के ट्यूबेल होते हुए काशी के चक तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 10.00 |
| 3 | कोर्राघाटमपुर | कोर्राघाटमपुर सभानीपुर में अजय के घर से नाला तक नाली तक नाली निर्माण कार्य। | 9.22 |
| 4 | कुशमहरा | कुशमहरा में सीताराम चौहान के घर से साइफन तक नाली निर्माण कार्य। | 9.22 |
| 5 | खुरासों | खुरासों में रामबदन डिग्री कालेज के पास आर0ओ0 प्लान्ट निर्माण कार्य। | 4.22 |
| 6 | ओरिल | ओरिल में रामसूरत अग्रहरि के विद्यालय के पास आर0ओ0 प्लान्ट निर्माण कार्य। | 4.22 |
| 7 | मेहियापार | मेहियापार में ज्ञानोदय विद्यालय के पास आर0ओ0 प्लान्ट निर्माण कार्य। | 4.22 |
| 8 | शाहपुर | शाहपुर में इण्टरलाकिंग के पास आर0ओ0 प्लान्ट निर्माण कार्य। | 4.22 |
| 9 | सतुबहिया | सतुबहिया मस्जिद के पास आर0ओ0 प्लान्ट निर्माण कार्य। | 4.22 |
| 10 | हसनाडीह | हसनाडीह में मन्दिर से नाला तक नाली निर्माण कार्य। | 5.23 |
| 11 | मोहनापुर | मोहनापुर में ताहिर के घर से रामभगवान के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.96 |
| 12 | गहजी | गहजी में पिचरोड से विजयशंकर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 2.34 |
| 13 | मिश्रौली | मिश्रौली में फुलवरिया अहरौला पिचरोड से कब्रिस्तान तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 10.00 |
| 14 | विकास खण्ड | विकास खण्ड कार्यालय में स्लाइडिंग एवं फालसेलिंग कार्य। | 5.82 |
| 15 | गानवारा | गानवारा में रामाज्ञा के घर से रामआसरे के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 6.63 |

नियम व शर्तें :-

1. फर्मदाता पंजीकृत हो तथा जी.एस.टी. नम्बर पैन नम्बर धारक हो (प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा)।
2. फर्मदाता नियमित इनकम टैक्स/जी.एस.टी. पेयी हो (रसीद संलग्न करना होगा)।
3. फर्मदाता द्वावा देय दर जी.एस.टी. जोड़कर प्रस्तुत करें।
4. परियोनजा लागत का 2 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक कराकर दर/निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
5. प्राक्कलन में दर्शायी गयी धनराशि/कार्यस्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7. निविदा को निरस्त/स्वीकृति पर कोई आपत्ति/विवाद न्यायालय में दाखिल नहीं करेंगे।
8. निविदाता किसी प्रधान/बी.डी.सी. (विकास खण्ड कोयलसा) या किसी कर्मचारी/अधिकारी का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
अहरौला, आजमगढ़

## संक्षेप

### मानसिक अस्पताल से भागा कैदी, मुकदमा

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर के आदेश 28 मई 2024 पर हत्या के प्रयास के मामले में आया बन्दी मो. समीर पांडेयपुर स्थित राजकीय मानसिक अस्पताल से मंगलवार सुबह शौच जाने के बहाने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकला। इस मामले में मानसिक चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक ने दो अटेंडेंट व दो होमगार्ड कुल चार लोगों के खिलाफ कैन्ट में मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही कार्यवाही करते हुए ड्यूटी पर तैनात दो अटेंडेंट को सस्पेंड कर दिया गया है जबकि दो होमगार्ड की सेवा को लेकर उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया। सहारनपुर के देहात कोतवाली अंतर्गत दानिश नगर के निवासी मो. समीर हत्या के प्रयास में बन्द था। सहारनपुर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के बाद सहारनपुर पुलिस जिला कारागार से लाकर पांडेयपुर स्थित मानसिक अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे शौच जाने के बहाने वह चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गया। देर शाम जब भर्ती बंदियों का मिलान शुरू हुआ तो मो.समीर के फरार होने की जानकारी लोगों को हुई। अन्नपूर्णा गण्ड्योर,काशी विद्यापीठ, सिगरा निवासी व अस्पताल निदेशक अजय कुमार रॉयने बताया कि फरार बन्दी समीर के अलावा ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अटेंडेंट महेंद्र सिंह यादव,अटेंडेंट रजनीश कुमार सैनी, होमगार्ड सन्तोष पाठक व रमेश चन्द्र पांडे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद लोगों पर कार्यवाही भी की गई है।

### दो मकानों को चोरों ने बनाया निशाना

**वाराणसी।** सारनाथ पतेरवा गांव के हरिजन बस्ती में चोरों ने दो मकानों को खंगाल कर लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी चुरा ले गए सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। जानकारी अनुसार हरिजन बस्ती निवासी सज्जन कुमार 2 दिन पूर्व सोमवार को चितईपुर निवासी अपने बहन रानी के घर सह परिवार गए हुए थे। मकान के कमरे में ताला बंद कर अपने बड़े भाई राजन को दे दिया था। आज बुधवार की सुबह लगभग 5:00 बजे राजन जब मकान में बने वॉशरूम में लैट्रिन करने गए तो देखें कि सामने के कमरे का ताला टूटा पड़ा है दरवाजा खुला तो सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना राजन ने फोन से अपने भाई सज्जन को दिया। घर पर जब सज्जन आए तो देखा कि अलमारी व बक्सा टूटा पड़ा है उसमें रखा कीमती सोने चांदी के आभूषण नदारत है। सज्जन ने बताया कि मेरे शादी में मिले सोने के चेन, सोने की अंगूठी वहीं मेरी पत्नी के नाक का कील, चांदी की पजनी, तोणा,करधनी, 6000 नगद चोरों ने चुरा ले गये। सोने चांदी के आभूषण लगभग 3 लाख की कीमत के थे। इस घर को खंगालने के बाद पड़ोस के ही लालमन के घर में भी चोरों ने चोरी किया, अलमारी में रखे तीस हजार नगद सहित सोने का चेन, मांगटीका, कान की बाली, चांदी की दो जोड़ी पायल, तोड़ा, करधनी। सोने चांदी के आभूषण का कीमत लगभग दो लाख रुपए बताया। लालमन बताया कि मैं घर से बाहर खेत पर सोया था मकान में मेरी बेटी सोनी व अमित सोए थे। सोनी जब सुबह जागी तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था और सामान सब बिखरा था।

# सोलर रूफटॉप लगाने वाली कंपनी ब्लैक लिस्टेड

सख्ती

**मानक के अनुरूप कार्य न करने पर सीडीओ ने की कार्रवाई**

**चार फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी, सही जवाब न मिलने पर होगी कार्रवाई**

**वाराणसी।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगाने में ढिलाई बरतने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। सीडीओ ने मानक के आधार पर काम न करने पर राईनी इंटरप्राइजेज को ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही चार वेंडरों को उपभोक्ता से अग्रिम धनराशि लेने के बाद भी कार्य पूर्ण न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दो वेंडर का जवाब संतोषजनक न होने कारण इन फर्मों पर कार्रवाई की जा रही है। सीडीओ ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा की।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर 140 केस डिस्काम को करेक्शन के लिए दिए गए, लेकिन वेंडर ने अभी तक करेक्शन नहीं किया। इसके साथ ही 247 एग्रीमेंट की संख्या पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है, लेकिन उसे अपलोड नहीं किया गया। उन्होंने इस पर फटकार लगाते हुए दो दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने वेंडर के साथ प्रत्येक दो दिन के अंतराल पर बैठक करने का यूपी नेडा का निर्देश दिया। सीडीओ ने कहा कि पीएम सूर्य घर को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी वेंडर इसमें हीलाहवाली कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी वेंडर्स को लक्ष्य के मुताबिक सोलर रूफ टॉप लगाने का कड़ा निर्देश दिया।



### सोलर रूफटॉप लगवाने को मिल रहा लोन

**वाराणसी।** पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाने के लिए सरकार की ओर से सब्सिडी और बैंकों से लोन की भी व्यवस्था है। रीडिंग्टन सोलर यूपी ईस्ट के मैनेजर सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि छत पर सौर पैनल लगाने से घरों को कई फायदे होंगे। यूजर को हर महीने लगभग 300 यूनिट तक की मुफ्त बिजली मिलेगी। इससे छत की क्षमता और खपत के आधार पर सालाना 15 से 18 हजार तक की बचत होगी।

# वाराणसी में 3.54 लाख नौनिहालों को मिला इम्युनिटी बूस्टर

**वाराणसी।** जनपद में नौनिहालों को कुपोषण से मुक्त रखने के लिए विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरूआत चार दिसम्बर से हुई थी, जो कि 11 जनवरी तक चला, ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों के जरिये नौ माह से पांच वर्ष तक के कुल 3.88 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया था।

इस क्रम में विगत पांच माह एवं अभियान के दौरान 3.54 लाख बच्चों ने विटामिन ए की खुराक ली है, यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी। बताया कि यह अभियान बुधवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों के अतिरिक्त सोमवार को भी विटामिन-ए का आच्छादन किया गया। यह खुराक छह माह में एक बार लक्षित बच्चों को पिलाई जाती है। अभियान के दौरान पूर्ण टीकाकरण (24 माह तक), सम्पूर्ण टीकाकरण, वजन लेना और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित करना, सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाना, एक घंटे के अंदर और छह माह तक सिर्फ स्तनपान को लेकर जन जागरूकता, आयोडीन युक्त की नमक के सेवन के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान सात माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप भी पिलाया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ ए के मौर्या ने बताया कि पहली खुराक नौ से 12 माह के बीच एमआर एक टीके के साथ दूसरी खुराक 16 से 24 माह के बीच एमआर दो टीके के साथ तथा तीसरी से 9वीं खुराक 6-6 महीने के अंतराल पर विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान के अंतर्गत पिलायी गयी नौ माह से एक वर्ष तक के बच्चे को आधा चम्मच (1 एमएल) तथा एक से पांच वर्ष तक के बच्चे को एक पूरा चम्मच (2 एमएल) विटामिन ए की खुराक पिलाई गयी।

### नाबालिग को भगाने में आरोपित गिरफ्तार

**पिंडरा।** फूलपुर पुलिस ने नाबालिक के अपरहण के आरोपित युवक को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फूलपुर पुलिस ने 24 जनवरी को नाबालिग युवती के पिता ने घर से पढ़ने निकली बेटी को गांव के ही युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिसपर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2), 87 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित व नाबालिक के बरामदगी पर जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर रामपुर अन्डर पास के पास से अभियुक्त सूरज पटेल पुत्र जगरनाथ पटेल, नि0 ग्राम बरही नेवादा, फूलपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# गाटर लगाकर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

**पिंडरा।** स्टेट हाईवे 98 बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग जो लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के अद में आ गया। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कार्य कर रहे अहलूवालिया कंट्रक्शन के द्वारा सड़क के ऊपर 3.1 फुट की ऊंचाई पर दोनों तरफ गाटर लगा दिए जाने से बड़े वाहन नहीं आ जा पायेंगे जिससे लोगों को काफी परेशानी होगी वैवाहिक लगन चलने के नाते बारातियों के बस इस मार्ग से नहीं जा पाएंगे जाने के लिए कई किलोमीटर के चक्कर लगाने पड़ेंगे जबकि इसी सड़क से एलपीजी गैस प्लांट की कम से कम 50 ट्रके प्रतिदिन दिन-रात मिलाकर गाजीपुर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, मऊ होते हुए अन्य जगहों पर जाया जाता है स्कूल बस व बाबतपुर से चौबेपुर तक चलने वाली बसों को भी कम से कम 15 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा बगैर सड़क बनवायें बगैर किसी सूचना के इस तरह सड़क पर गाटर लगा देना कहां का नियम हैं इसको लेकर इसको लेकर कांग्रेसी नेताओं मे आक्रोश व्याप्त है वहीं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार राजू राम ने कहा है कि पहले सड़क मार्ग बना कर दे दें उसके बाद पूरे रास्ते को बंद कर दे हमें कोई एतराज नहीं है अगर इस पर शासन प्रशासन ध्यान नहीं देती है तो हम कांग्रेसी जन पत्रक देने के बाद आंदोलन भी करेंगे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2010 रोल न. 1338929 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। कुमारी रेखा विश्वकर्मा वार्ड नं. 8 सुभाष नगर, सैयदराजा, चन्दौली।

आधार कार्ड पर मेरा नाम विनोद कुमार पुत्र रामअवतार राजभर है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम विनोद राजभर पुत्र रामअवतार राजभर निवासी ग्राम-जहानपुर, पोस्ट-भीतरी, जिला-गाजीपुर।

मैं गित मान के.सी. पुत्र डिल बहादुर के.सी. निवासी सी/ओ 56 एपीओ, 4/9जीआर, दुग्खास (841), कांगड़ा, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश 176061, आर्मी नंबर जेसी630453एक्स, रैंक-सूबेदार बयान करता हू कि मेरे सर्विस डॉक्यूमेंट में मेरे बेटे का नाम बिश्व जित के.सी. और जन्म तिथि 27/08/1996 है और मेरी बेटी का नाम चंद्रा के.सी. और जन्म तिथि 15/02/1999 है जो गलत है, जबकि नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र के अनुसार मेरे बेटे का सही नाम बिश्वजित के.सी. और जन्म तिथि 22/08/1996 और मेरी बेटी का नाम चंदा के.सी. और जन्म तिथि 01/03/1999 है जो सही है|

कार्याल नगर पंचायत मनियर, बलिया

पत्रांक: 456/न0प0म0 दिनांक 29.01.2025

कार्य विवरण

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि/प्रति अदद | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत मनियर जनपद बलिया में 5 टन प्रतिदिन क्षमता का मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.एफ.) सेन्टर का निर्माण कार्य। | 33,67,000.00 | 10 प्रतिशत | 4150.00 | 45 दिन |

www.etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं की समस्त जानकारी हेतु लॉग-ऑन करके देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
मनियर, बलिया

प्रशासक
नगर पंचायत
मनियर, बलिया



# वाराणसी



# मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी डुबकी

## दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, पंचगंगाघाट, गायघाट, त्रिलोचन, प्रह्लादघाट, भैंसासुरघाट, राजघाट, अस्सी पर भीड़ रही ज्यादा

**वाराणसी।** मौनी अमावस्या पर बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। काशी में श्रद्धालुओं की स्नान करने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ी रही। मौनी अमावस्या के अवसर पर काशी के सभी प्रमुख घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा । बुधवार की भोर से ही भक्तों द्वारा स्नान, दान का सिलसिला जारी है। सुबह से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई है। स्नान-दान और अनुष्ठान के बाद लोग बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के

**आस्था**

**बाहर से आये श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर रही ज्यादा**

**भोर से ही शुरू हो गया गंगा में डुबकी लगाने का सिलसिला**

लिए निकले। बुधवार की सुबह से शूलटंकेश्वर से लेकर कैथी तक सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का संगम नजर आया।

उधर, विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही।



घाटों पर स्थानीय के अलावा बाहर से आये लोगों की संख्या सर्वाधिक थी। जिन घाटों पर श्रद्धालुओं की संख्या सबसे ज्यादा थी उन घाटों में दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, अहिल्याबाईघाट, मानमंदिर, ललिताघाट,मान मंदिर, अस्सी, पंचगंगाघाट, गायघाट, त्रिलोचनघाट आदि प्रमुख हैं। गंगा घाटों पर सुबह से ही स्नान करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच गये थे। इनमें महिलाओं के अलावा पुरुष भी थे। भोर होते ही जैसे ही भगवान भाष्कर की लालिमा दिखायी पड़ी घाटों पर गंगा स्नान शुरू हो गया। इनमें हर घाटों पर बाहर से आये पर्यटकों की संख्या थी। घाटों पर काशीवासियों ने भी सुबह ही गंगा में डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने गेट नं. 4 पर लाइन लगा कर बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया। हालांकि बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने में उन्हें कई घंटे लग गये। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद लोगों ने कालभैरव बाबा का भी दर्शन पूजन किया। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए ललिता घाट की ओर से भी लंबी कतारें लगी थी। मंदिर में बाबा का दर्शन पूजन सुबह से शुरू होकर रात्रि तक चलता रहा। ज्योतिष पं. विमल जैन के अनुसार, इस बार मौनी अमावस्या पर चार योग बने रहे। जबकि श्रवण नक्षत्र भी है। मकर राशि में सूर्य, चंद्रमा और बुध के एक साथ होने से त्रिग्रही योग बना रहा। ज्योतिष





में इस योग को बहुत ही शुभमाना जाता है। ऐसे में आज शिववास, सिद्धि, वृषभ गुरु और वज्र योग बना है। इस योग में काशी में स्नान, दान करने के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।





















































# महाकुंभ में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दीपदान



**शोक**

## तेलियाबाग चौरा माता मंदिर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए की प्रार्थना

**वाराणसी।** तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या स्नान के मौके पर हुए भगदड़ हादसे में श्रद्धालुओं की मौत व घायल होने का घटना अत्यंत दुखद है। कांग्रेसजनों द्वारा मृतकों की आत्मा के शांति व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना को लेकर तेलियाबाग स्थित चौरा माता मंदिर में बुधवार की शाम दीपदान किया गया। कांग्रेसजनों ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में हुई श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि इस हादसे के लिए सीधा जिम्मेदार मोदी व योगी सरकार है। सरकार कुंभ के प्रचार-प्रसार में अधिक व्यस्त है। प्रयागराज में कुंभ स्नान के दौरान हुई भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर अत्यंत दर्दनाक है। यह घटना सरकार की प्रशासनिक असावधानी और सुरक्षा में खामियों को उजागर करती है। इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना ज़िम्मेदार है। कुंभ क्षेत्र में जाने वाले श्रद्धालु लगातार घोर अव्यवस्थाओं की शिकायत कर रहे थे लेकिन ध्यान नहीं दिया गया और प्रशासनिक लापरवाही बरती गई। सरकार से अपील है कि घायलों को एयरलिफ्ट करके त्वरित इलाज की व्यवस्था हो। मृतकों की पहचान कर उन्हें परिजनों तक पहुंचाया जाए और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोपरि रखकर त्वरित इंतजाम किए जाएं। सरकार सिर्फ कुंभ की ब्रांडिंग और फिजूलखर्ची में व्यस्त है, धरातल पर व्यवस्था एकदम ध्वस्त है। अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। इस तरह की दुखद घटना आगे न हो, इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं की जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए। इस अपार दुख में शोक संतप्त परिवारों के साथ गहरी संवेदनाएं एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की हम कांग्रेसजन कामना करते हैं। इस दौरान आशीष गुप्ता छांगुर, सतनाम सिंह, दिलीप चौबे, रंजीत तिवारी, पीयूष श्रीवास्तव, अब्दुल हमीद डोडे, विनय जायसवाल, कैलाश पटेल, हाजी इस्लाम, सजीव श्रीवास्तव, रमेश शर्मा, संदीप सिंह, रामजी गुप्ता, कृष्णा गौड़, किशन यादव, सुरेन्द्र राजभर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रयागराज की घटना के लिए सीएम जिम्मेदारः सपा

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ व महानगर अध्यक्ष दिलीप डे ने प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण हुई दर्जनों लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस भगदड़ की घटना के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह अतिविशिष्ट लोगों एवं भाजपा के नेताओं पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना ज़िम्मेदार है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की। साथ ही भगदड़ में घायलों का बेहतर इलाज कराए जाने की भी मांग की।

## प्रयागराज महाकुंभ हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि

### लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में सपा ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा



**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लहुराबीर आजाद पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस सभा में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके प्रति सहानुभूति जताई। लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष संदीप मिश्रा व युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि यह हादसा बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए। सभा में रविकांत विश्वकर्मा, राहुल यादव, संदीप यादव 'लालू', अनिल यादव, अर्पित अग्रहरि, फिरोज अहमद, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# यूपी कॉलेज के 18 छात्रों का बीपीएससी में चयन

**खुशी**

## बिहार लोक सेवा आयोग में विद्यार्थियों की इस सफलता से कॉलेज प्रबंधन व शिक्षकों में हर्ष

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज के 18 विद्यार्थियों का बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के कृषि सेवा में चयन हुआ है। मंगलवार को जारी किए गए रिजल्ट के अनुसार एसडीएओ और बीएओ के साथ ही कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, सहायक निदेशक, शष्य एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी का पद चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा। ये सभी बिहार कृषि सेवा कोटि के अधीन अनुमंडल के तहत काम करेंगे। छात्रों ने यूपी कॉलेज के कृषि संकाय से कृषि स्नातक की पढ़ाई की है।

डीन प्रो. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से सभी विद्यार्थियों का चयन किया गया है। सफल छात्रों में रोशन पटेल, गणेश पांडेय, हिमांशु सिंह, कृति सिंह, दिव्या यादव, निशांत सिंह, प्रभात कुमार, मनीष कुमार, श्रीषिकेश यादव, आदर्श शुक्ला, सृष्टि साक्षी, चंदन कुमार, बलदाऊ पटेल, प्रियरंजन सिंह, रोशन कुमार, सविता कुमारी, संतोष यादव, हिमांशु कुमार हैं। प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इन छात्रों ने यूपी कॉलेज में कृषि शिक्षा के महत्व और स्तर को बताया है। इस सफलता से पूरा कॉलेज हर्ष में है।

# प्रो. आनंद चुने गए वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य



**वाराणसी।** बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में आयुर्वेद संकाय के रस शास्त्र व भैषज्य कल्पना विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व पूर्व चीफ प्राक्टर प्रो. आनंद चौधरी को आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जामनगर की वैज्ञानिक सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। बुधवार को दोपहर आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जामनगर के निदेशक की ओर से ई मेल के माध्यम से यह जानकारी दी गई है।

इस राष्ट्रीय महत्व की समिति में संपूर्ण भारत से कुल 13 सदस्य नामित किए गए हैं। इन सदस्यों का चयन आयुर्वेद के क्षेत्र में इनके सतत वैज्ञानिक शोध की उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। इस वैज्ञानिक सलाहकार समिति का कार्य आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जामनगर में किए जा रहे आयुर्वेद के वैश्विक शोध कार्यों का मूल्यांकन कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध प्रस्तुतीकरण के योग्य बनाना है। इस समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

उल्लेखनीय है कि कि प्रोफेसर आनन्द चौधरी विगत बीस वर्षों से निरंतर आयुष मंत्रालय भारत सरकार की विभिन्न समितियों में अध्यक्ष व सदस्य के रूप में आयुर्वेद के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रो. चौधरी ने अपने इस नामांकन के लिए काशी हिन्दू विश्व विद्यालय एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# कैंपस व कॉलेजों की परीक्षाएं अलग कराएगा विवि

**तैयारी**

## समय व व्यवस्था को लेकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन की ओर से लिया गया फैसला

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मुख्य परिसर और संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा अलग-अलग कराई जा रही है। मुख्य परिसर के साथ ही वाराणसी समेत पांच जिलों में संबद्ध कॉलेजों के लिए अलग टाइम टेबल तैयार करवाया गया है। इसके पीछे समय और सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा करवाने को वजह माना जा रहा है।

विश्वविद्यालय से संबद्ध वाराणसी के साथ ही भदोही, चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र में 350 से अधिक कॉलेज हैं। यूजी, पीजी में दो लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। मुख्य परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर, भैरव तालाब को मिलाकर 15 हजार से अधिक विद्यार्थी हैं। पहले जहां परिसर और कॉलेजों की परीक्षाएं साथ-साथ कराई जाती थीं, वहीं अब इस व्यवस्था में बदलाव कर अलग-अलग परीक्षा कराने की व्यवस्था को लागू किया गया है।

विभागों, संकायों की ओर से अलग-अलग समय-सारिणी परीक्षा विभाग को भेजी जा रही है। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा का कहना है कि अलग-अलग परीक्षाएं होने से विद्यार्थियों को बहुत सहूलियत होगी। इसी आधार पर समय-सारिणी जारी करवाने सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है। इसमें कॉलेज और कैंपस भी लिखा जा रहा है। सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, पाठ्यक्रम प्रभारी को पत्र भेजकर बनाई जाने वाली समय-सारिणी में परिसर और महाविद्यालय का जिक्र करने को कहा गया है। पाली के साथ ही समय भी देने को कहा गया है।

### स्वयंसेवकों ने दर्शनार्थियों को वितरित किया जलपान

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजन के स्वयंसेवकों ने बुधवार को दर्शनार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए चाय एवं जलपान वितरित किया। साथ ही दर्शनार्थियों की सुरक्षा तथा काशी विश्वनाथ मंदिर तक जाने के लिए मार्गदर्शन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. ध्यानेंद्र कुमार मिश्र एवं डा. बालरूप यादव के साथ स्वयंसेवकों ने खेलकूद मैदान में सेवा कार्य किया। प्रो. केके सिंह, डा. नीरज सोनकर, डा. सतीश कुशवाहा, डा. अमरेंद्र सिंह आदि ने निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# रैली निकाल अनुशासन,त्याग व कर्तव्यनिष्ठा की दी सीख

**कार्यक्रम**

## खरगूपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन



**जंसा।** राजकीय हाई स्कूल खरगूपुर में बुधवार को तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व हाथी बरनी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश पाठक , राजकीय हाई स्कूल जंसा की प्रधानाध्यापिका मिथिलेश राय, ग्राम प्रधान खरगूपुर मुन्ना सिंह पटेल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ देवी सरस्वती की आराधना से हुआ। सभी ने सर्वधर्म प्रार्थना कर विशेष जागरूकता के लिए रैली निकाली। अतिथियों ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाएं गएं टेंट का निरीक्षण किया । राजेश पाठक ने विद्यार्थियों को वरिष्ठजनों का सम्मान करने की सीख दी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा व देशभक्ति के गुणों को आत्मसात किया। कार्यक्रम की आयोजिक अनुपमा वर्मा, प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल खरगूपुर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षक के रुप में उमेश कुमार केसरी, खुशबू मौर्य, प्रियांशी, सुमन एवं राकेश कुमार पटेल ने अपने दायित्व निभाएं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिकाएं स्निग्धा मिश्रा, प्रीती जायसवाल, सुनीता गौतम, अनामिका सिंह व सुनीता भारती ने किया। कार्यालय सहायक हिमांशु शेखर भी मौके पर उपस्थित रहे।

# 15 फरवरी तक जारी हो सकती है यूजी बुलेटिन

**इंतजार**

## बीएचयू, महिला महाविद्यालय व संबद्ध कालेजों की 8000 सीटों पर होगा दाखिला

**वाराणसी।** बीएचयू मुख्य परिसर और महिला महाविद्यालय समेत चारों संबद्ध कॉलेजों को मिलाकर 300 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। सीटों की संख्या हर बार की तरह आठ हजार से ज्यादा होगी। इसमें पेड सीटों की भी संख्या को शामिल किया गया है।

पिछले सत्र के मुकाबले इस बार पांच से सात पाठ्यक्रमों में और प्रवेश के लिए 60 सीटों को बढ़ाया जा सकता है। बीएचयू की केंद्रीय प्रवेश समिति यूजी कोर्स की बुलेटिन बनाने, सीटों का ब्योरा और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के साथ तालमेल बैठाकर काम कर रही है। एनटीए ने अभी तक बीएचयू के साथ एक भी बैठक नहीं की है। न ही कोई पत्राचार हुआ है। जल्द ही एनटीए की ओर से बीएचयू समेत देश भर के 44 केंद्रीय विश्वविद्यालयों से डेटा मंगवाया जाएगा।

सेंट्रल एडमिशन कमेटी विभागों और कॉलेजों से पाठ्यक्रम व डिटेल का विवरण मंगवा रहा है। इस बार कई पाठ्यक्रमों को बंद किया गया है और वहीं कई तो एकेडमिक काउंसिल में जोड़े गए हैं। डीएवी, वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा, वसंता महाविद्यालय राजघाट और आर्य महिला पीजी कॉलेज के यूजी कोर्स की सीटों का एक साथ बुलेटिन जारी होगा। वहीं, 13 से 31 मार्च के बीच प्रवेश परीक्षाएं करा ली जाएंगी।

# जनपदीय जूनियर बालिका हॉकी टीम घोषित



**खेलकूद**

## बड़ा लालपुर स्थित डा. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में चयन परीक्षण में 40 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

**वाराणसी।** जनपद की जूनियर बालिका हॉकी टीम की घोषणा बुधवार कर दी गई। बड़ा लालपुर स्थित डा. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित चयन परीक्षण में 40 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के बाद 16 बालिकाओं का चयन किया गया। जनपद की टीम में फरीदा खातून, अनु पाल, जाह्नवी मौर्या, स्मृति चौबे, रोशनी पटेल, यशस्वी पांडेय, शालू सोनकर, तनु यादव, सोनल सिंह, सृष्टि सोनकर, सृष्टि पटेल, शिवानी कठरिया, अंशिका पटेल, तान्या चंदेल, सिद्धि सरोज और शालू यादव का चयन हुआ है। आस्था यादव, आरुषि सिंह शिवानी यादव आरक्षित खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरी ओर 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से डा. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में वाराणसी मंडल की टीम का चयन होगा। अंतिम रूप से चुनी गई टीम गोरखपुर में तीन से आठ फरवरी तक आयोजित प्रादेशिक जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

# कर्मचारियों ने जाना वित्तीय लाभ का हाल

**वाराणसी।** बरेका के राजभाषा विभाग द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीय लाभ विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक बरेका नरेश पाल सिंह के निर्देशन में बनारस रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग द्वारा बुधवार को रिटायर्ड के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीवय लाभ विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीय लाभों की जानकारी विस्तारि से दी गयी। श्री घनश्याभम दुबे, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी ने पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्यु?टी, भविष्य निधि, अवकाश नगदीकरण इत्यादि से संबंधित वित्तीय लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अमित गुप्ता मंडल चिकित्सा अधिकारी ने कर्मचारियों को मिलने वाले चिकित्सीय लाभ के बारे में बताया। विचार गोष्ठी में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सर्विस इंजीनियरिंग नीरज जैन, मुख्य सामग्री प्रबंधक आशीष कुमार अग्रवाल, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/डीजल, श्री प्रवीण कुमार, मुख्य गुणवत्ता आश्वासन प्रबंधक, रामजन्म चौबे, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/संयंत्र, एस.के.सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विचार गोष्ठी/ का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, डॉ संजय कुमार सिंह ने किया।

# इंपीरियल क्लब की शानदार विजय



**वाराणसी।** रोशनी राजभर और दीपा की जोड़ी ने प्रभावशाली गति से बुधवार को जिला बालिका रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता के लीग दौर में इंपीरियल क्लब ने सनराइज क्लब को आसानी से 6-3 ट्राई से हराकर पूरे अंक प्राप्त किए।

परमानंदपुर के बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेले गए इस मैच में शुरू से ही इंपीरियल क्लब की विंगर काजल यादव और छवि गुप्ता ने लंबी किक की रणनीति से सनराइज क्लब की डिफेंस लाइन में दरार पैदा की। उसका लाभ उठाते हुए रोशनी राजभर और दीपा यादव ने ट्राई किया। पहले 14 मिनट तक इंपीरियल क्लब 3-0 ट्राई से आगे हो गई।

दूसरी तरफ सनराइज क्लब की सृष्टि पटेल, खुशी पटेल और आंचल यादव की तिकड़ी ने काउंटर अटैक किया। हाफ टाइम तक स्कोर 3-1 रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अपनी-अपनी रणनीति में बदलाव किया। पहले सनराइज क्लब की विंगर श्रेया पाल, नैंसी श्रीवास्तव और खुशी यादव ने बाएं तरफ से इंपीरियल क्लब के गोलमुख पर तेज गति से हमला किया। खुशी यादव व श्रेया पाल ने लगातार ट्राई कर स्कोर 3-3 कर दिया। स्कोर बराबर होने के बाद खेल में और तेजी आ गई। इंपीरियल क्लब की तान्या पटेल और साक्षी राय ने साइड पास के सहारे सनराइज क्लब की कड़ी परीक्षा लेते हुए दो ट्राई कर अपनी टीम को 5-3 की बढ़त दिला दी। दो गोल से पीछे होने के बाद सनराइज क्लब की टीम थोड़ी हताश ही गई। जिस का लाभ उठाते हुए इंपीरियल क्लब की काजल यादव ने बाएं पैर से तेज शाट लगा कर ट्राई किया और अपनी टीम को 6-3 की शानदार जीत दिला दी। अवनीश पाल निर्णायक थे।

### सोनातालाब में बनेगा नया विद्युत उपकेंद्र

**वाराणसी।** विद्युत व्यवस्था में सुधार को लेकर 33/11 केवी के नए विद्युत केंद्र स्थापित करने के लिए नगर निगम के सहयोग से सोनातालाब पोखरा के समीप (पंचक्रोशी क्षेत्र) में जमीन प्राप्त हुई है। इस उपकेंद्र के निर्माण से अशोक नगर, अशोक बिहार, सोनातालाब, पंचक्रोशी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ की जाएगी। नगर निगम के नगर आयुक्त अनिल कुमार व नगरीय विद्युत वितरण खंड सारनाथ के अधिशासी अभियंता अमित कुमार धर्मा ने बुधवार को इस जमीन का निरीक्षण किया तथा उपकेंद्र के लिए पैमाईश की गई। इस दौरान सहायक अभियंता आनंद कुमार सिंह, अवर अभियंता हरिश्चंद्र सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा, बलिया

### स्वामित्व परिवर्तन की सूचना

निम्नलिखित भवनों के स्वामित्व परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्न विवरण के साथ नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त है। नाम परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 35 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आपत्ति सबूत के साथ प्रस्तुत कर दें। अन्यथा तद्नुसार नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | वर्तमान स्वामी का नाम | वार्ड सं0 | म0 नं0 | नाम परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति का नाम व पता | कारण नाम परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुभाष शंकर गुप्ता पुत्र गिरिजा शंकर गुप्ता | 24<br>19 | 124<br>56 | रितेश कुमार जायसवाल व रुपेष कुमार जायसवाल पुत्रगण स्व0 सुभाष शंकर गुप्ता | वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 2 | मंजीत पटेल, विश्वजीत पटेल व किशन पटेल पुत्रगण रामजी पटेल | 4 | 62 | शबाना खातुन पत्नी एकलाख अहमद | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 3 | हरिशंकर प्रसाद पुत्र स्व0 गोपाल प्रसाद | 3 | 40 | विद्यादेवी पत्नी स्व0 हरिशंकर प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 हरिशंकर प्रसाद व संगीता देवी, ममता देवी व रीना देवी पुत्रीगण स्व0 हरिशंकर प्रसाद | वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 4 | हरिद्वार प्रसाद पुत्र स्व0 केदार प्रसाद | 22 | 36/ए | आशा देवी पत्नी हरिद्वारा प्रसाद | रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर |
| 5 | इस्लाम पुत्र स्व0 जलील | 22 | 184, 185 | कौशर बानो स्त्री अख्तर अली | रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर |
| 6 | सचितानन्द वर्मा पुत्र स्व0 श्यामनाथ वर्मा | 14 | 146 | पूजा पार्टनर प्रदीप इण्टरप्राइजेज | रजिस्टर्ड बैनामा के के आधार पर जुज भाग पर |
| 7 | नरेन्द्र पुत्र मुन्नू प्रसाद अग्रवाल | 25 | 08 | शबनम स्त्री मु0 असलम | रजिस्टर्ड बैनामा के के आधार पर जुज भाग पर |
| 8 | रवि कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 कुन्ज बिहारी लाल, भूपेन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व0 ध्रुव जी | 08 | 168 | श्यामजी अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल पुत्रगण स्व0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल | रजिस्टर्ड बैनामा के के आधार पर जुज भाग पर |
| 9 | अमीरुन निशा स्त्री स्व0 रुस्तम | 03 | 202 | रुकसाना खातुन स्त्री नूर आलम | रजिस्टर्ड बैनामा के के आधार पर |
| 10 | ठाकुर प्रसाद मंगल प्रसाद | 14 | 128, 129 | शम्भू जी एवं मुन्ना प्रसाद वर्मा पुत्रगण स्व0 ठाकुर प्रसाद | कोर्ट के आदेश के आधार पर |
| 11 | असगरी खातून स्त्री स्व0 खुदादीन | 12 | 203/ए | रुचि देवी स्त्री राजेश कुमार सोनी | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर जुज भाग पर |
| 12 | प्रदीप कुमार अग्रवाल पुत्र पदुम्मन जी अग्रवाल | 8 | 175 | सीमा अग्रवाल पुत्री सत्यनारायन प्रसाद स्त्री रमेश कुमार अग्रवाल | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर जुज भाग पर |
| 13 | शान्ती देवी स्त्री दूधनाथ गुप्ता | 11 | 121 | अनरुद्ध प्रसाद प्रजापति पुत्र स्व0 बैजनाथ प्रजापति | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 14 | बालेश्वर, ध्रुव जी, अच्छेलाल, छट्ठू लाल पुत्रगण सुखु लाल | 19 | 224 | ध्रुव जी पुत्र सुखु राम | कोर्ट द्वारा बटवारा के आधार पर |
| 15 | उपेन्द्र, नरेन्द्र, पुरुषोत्तम पुत्र मुन्नु प्रसाद अग्रवाल | 25 | 08 | आशिफ पुत्र खैरूल बशर कुरैशी | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर जुज भाग पर |

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा, बलिया

पत्रांकः 624/आ0न0पा0प0/2531 दिनांक 24.01.2025

# मां-बेटी समेत चार महिलाओं की मौत, दो पुरुष घायल

जनसंदेश न्यूज

महाकुंभ में भगदड़

### बलिया के नसीराबाद गांव की मां-बेटी और चचया की दो महिलाएं हुईं हादसे का शिकार

**बलिया।** 144 वर्ष बाद प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में 28 /29 जनवरी की रात करीब एक बजे त्रिवेणी संगम पर स्नान के दौरान हुए हादसे में यूपी के बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के चचया गांव की रहने वाली दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि दो पुरुष घायल हो गए।

बताया जा रहा कि महाकुंभ में कुल 13 लोग गए हुए थे। इस हादसे में नगरा थाना क्षेत्र के चचया गांव निवासी रिंकी सिंह 38 वर्ष पत्नी छोटू सिंह एवं मीरा सिंह 52 वर्ष पत्नी बलजीत सिंह की मौत हो गई। जबकि मीरा के पति बलजीत सिंह 52 वर्ष पुत्र रमाशंकर सिंह तथा संजय सिंह 52 वर्ष पुत्र रामजीत सिंह घायल हो गए। इसकी पुष्टि मृतका रिंकी सिंह के पति छोटू सिंह ने गांव के सभासद लाल बहादुर को मोबाइल से सूचना दी गई।

इसके अलावा फेफना थाना के नसीराबाद गांव निवासी रीना देवी (36) एवं उनकी बेटी रोशनी पटेल (8) की दबने से मौत हो गई। जबकि पिता सुरक्षित है। घटना के बाद दोनों गांवों में मातम पसर हुआ है। देर रात शव तक पहुंचने की संभावना है। इसकी पुष्टि मृतक रीना देवी के पति दिनेश पटेल ने की।

बता दें कि मौनी अमावस्या पर प्रयागराज संगम तट पर स्नान करने के लिए क्षेत्र के नसीराबाद गांव के आठ लोगों के साथ दिनेश पटेल अपनी मां ललिता देवी, पत्नी रीना पटेल (36) व पुत्री रोशनी पटेल (8) के साथ मंगलवार की सुबह ट्रेन से गए थे। जिसमें गांव के और लोगों का साथ भीड़ ज्यादा होने के कारण छूट गया। वे अपने परिवार के साथ दिनेश प्रयागराज संगम के तरफ मंगलवार की रात करीब एक बजे जा रहे थे, तभी अचानक अफरा तफरी मच गई। दिनेश अपनी मां को लेकर साइड हट गए। वहीं, अधिक भीड़ होने के कारण पत्नी और बेटी का साथ छूट गया। जब तक वे कुछ समझ पाते कि अफरा तफरी में दबने के कारण रीना पटेल (36) और रोशनी पटेल (8) की मृत्यु हो गई। उधर, साथ गए गांव के शेष लोग बिना स्नान किए ही घर को लौट गए है। उधर, गांव में सूचना मिलते ही पूरा माहौल गमगीन बना हुआ है। संवेदना व्यक्त करने के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा हुआ है। वही नगरा थाना क्षेत्र के चचया गांव से 13 लोग महाकुंभ स्नान करने गए हुए थे, जहां हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि दो पुरुष घायल हो गये।

## ऐश्प्रा की पांचवीं वर्षगांठ पर पांच दिवसीय फेस्टिवल का शुभारंभ



**बलिया।** इस वर्ष ऐश्प्रा बड़े ही धूमधाम से अपनी पांचवीं वर्षगांठ मना रहा है। जिसका आगाज बुधवार को ऐश्प्रा शोरूम पर जबरदस्त तरीके से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राजकीय महिला चिकित्सालय की अधीक्षिका डा. सुमिता सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष कल्पना मिश्रा भी मौजूद रहीं। ऐश्प्रा के प्रोपराइटर राहुल सराफ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार भी हम पूरी तैयारी के साथ हम ग्राहकों के लिये विशेष उपहार लेकर आये है। 25 हजार की खरीदारी पर एक कूपन हम उपलब्ध करा रहे है और उसका लकी ड्रा तीन फरवरी के बाद होगा और ड्रा में लकी विजेता को बाइक दिया जाएगा। यह आयोजन 29 जनवरी से दो फरवरी तक रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार पांच वर्षों में ऐश्प्रा ने ग्राहकों को उपहारों का खजाना सौंपा हैं। कई कारें, कई बाइकें, कई वाशिंग मशीन, कई फ्रिज सहित छोटे बड़े उपहार अपने ग्राहकों को दिये है। ऐश्पा पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है क्योंकि राहुल सराफ सबका वेलकम करते हुए देखे जा रहे है।




### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**मझौंवा (बलिया)।** बैरिया थाना क्षेत्र के पंचायत केहरपुर के गंगोली गांव में मंगलवार की शाम 16 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतका की मां का रोकर बुरा हाल है। गांव निवासी 16 वर्षीय निधि प्रजापति पुत्री पंचरत्न प्रजापति ने घर में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया।

## स्कूल जाने के लिये निकली बच्चियां पहुंच गयीं चारबाग

जनसंदेश न्यूज

बरामद

### बच्चियों ने बताया मेरठ अपनी मौसी के यहां जा रही थीं

**बांसडीह (बलिया)।** कोतवाली क्षेत्र के केवरा में बीते शनिवार को स्कूल जाने के लिये घर से निकली तीन छोटी बच्चियों के रविवार रात को लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर मिलने के बाद मंगलवार को बांसडीह की पुलिस उन्हें लेकर बलिया पहुचीं। जहां लड़कियों ने आने के बाद इस संबंध में जो कहानी बताई उसे सुनकर सभी अचरज में पड़ गये। बीते शनिवार को केवरा की तान्या, काजल व प्रियंका घर से स्कूल का बस्ता लेकर निकली तो इसके बाद से उनका पता नही चला। शाम तक उनकी खोजबीन के बाद स्वजन पुलिस के पास पंहुचे तो एक साथ तीन लड़कियों के गायब होने की बात को लेकर पुलिस भी परेशान हो गयी। प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने तत्काल विभिन्न सोशल साइट्स व अन्य उचित माध्यम से इसकी सूचना व गुमशुदा लड़कियों की रूपरेखा प्रसारित की। इसके बाद रविवार रात उन्हें चारबाग जीआरपी ने बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चियों से पूछताछ के आधार पर जीआरपी ने बांसडीह पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर लखनऊ पहुचीं पुलिस तीनों बच्चियों को लेकर वापस बलिया आई। वापस लौटी लड़कियों में सबसे बड़ी तन्या ने पुलिस को बताया कि उस दिन उसकी मां ने उसे मारा था। जिसके बाद उसने स्कूल जाते समय दोनों छोटी बच्चियों से कहा कि वह अपने मौसी के घर मेरठ जा रही है। यदि वे चाहे तो साथ चल सकती हैं। इसके बाद वह दोनों भी तन्या के साथ बलिया रेलवे स्टेशन पहुचीं और ट्रेन में बैठ कर लखनऊ पंहुच गयीं। जिसके बाद जीआरपी ने उन्हें वहां रोक लिया। उनकी सूचना पर पहुचीं बांसडीह पुलिस उन्हें वापस ले आई। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह संजय सिंह ने बताया कि बरामद की गयी बच्चियों की चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष बयान दर्ज कराकर उन्हें उनके घरवालों को सौंप दिया गया है।












# घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**मौनी अमावस्या**

## मंदिरों में पूजन अर्चन करते हुए पुरोहितों को किया दान-पुण्य



**गाजीपुर।** माघ मास की मौनी अमावस्या बुधवार के दिन श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर जमकर पूजा पाठ किया और ब्राम्हणों व गरीबों को दान पुण्य कर घर में सुख और समृद्धि की कामना की। स्नान पर्व पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दर्शन-पूजन किया। शहर के ददरीघाट, चीतनाथ, कलेक्टर घाट, बूढ़ा महादेवा घाट सहित अन्य घाटों पर गंगा स्नान के लिए स्नानार्थियों की भीड़ लगी रही। ददरीघाट और चीतनाथ घाट पर कुछ ज्यादा स्नानार्थी रहे। लोगों ने स्नान कर घाटों पर स्थित मंदिरों में पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। स्नान करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य भी किया। कई घाटों पर गंदगी के कारण स्थानार्थियों को दिक्कतें भी आईं। राधे नगर बंसीबाजार के ज्योतिषाचार्य श्रीनिवास चौबे ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि अगर इस अमावस्या पर मौन रहें तो इससे अच्छे स्वास्थ्य और ज्ञान की प्राप्ति होती है। ग्रह दोष दूर करने के लिए भी ये अमावस्या खास मानी गई है। स्नान करने आए लोगों के मुताबिक इस दिन पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिल जाती है। मौनी अमावस्या पर किए गए दान-पुण्य का फल सौ गुना ज्यादा मिलता है।

इस दिन गंगा का जल अमृत के समान होता है। मौनी अमावस्या को किया गया गंगा स्नान अद्भुत पुण्य प्रदान करता है। जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार नगर के परशुराम जमदग्नि ऋषि घाट, बलुआ कंकड़वा साधू सतुआनी आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सूर्योदय के साथ ही परशुराम जमदग्नि ऋषि घाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालु गंगा में स्नान करने पहुंच गए थे। सैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजन अर्चन किया। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान और दान पुण्य का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा।

### मौनी अमावस्या पर गंगा में लगाई डुबकी

**गहमर।** श्रद्धालुओं ने बुधवार को मौनी अमावस्या पर ब्रह्मा मुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई। स्थानीय गांव की ह्दयस्थली पतितपावनी गंगा में स्नान दान किया। अहले सुबह से ही उगे सुर्यदेव की लालिमा के बीच देर शाम तक हजारों श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके थे। स्नान का क्रम देरशाम तक जारी रहा है। स्थानीय गांव सहित करहिया, खुदरा-पथरा, शेरपुर गदाईपुर, हथौरी, पचौरी, सायर, लहना, बरेजीं, देवल, सेवराई, बकैनिया, पिपरौल, देवकली, बसुका आदि दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी के गंगा के नरवाघाट, सोझवा घाट, पंचमुखी घाट, पंप कैनाल घाट पर पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुजनों ने दूध, दही, घृत, शक्कर, शहद, अक्षत, सुगंध, पुष्प, धूप, दीप व नैवेद्य समर्पित कर विधिवत पतित पावनी मां गंगा की पूजन अर्चना कर उनकी आरती उतारी साथ ही उनसे घर परिवार में सुख और समृद्धि की कामना की। माघ मास की अमावस्या को ही मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। यह योग पर आधारित महाव्रत है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा में देवताओं का निवास होता है, इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है।

### महाकुंभ में भगदड़ के बाद प्रशासन सक्रिय, वाहनों को रोका

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला प्रशासन प्रयागराज की सूचना के अनुसार मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। जिसके कारण अल्पसमय के लिए प्रयागराज जाने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया है जिससे व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित हो सके। डीएम द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया है।







# बेकाबू ट्रक ने टोटो में मारी टक्कर महिला की मौत, छह घायल

**हादसा**

## शेरपुर कला निवासी बीना चौबे अपनी मां की तेरहवीं से लौट रही थी घर



**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बुधावार को टोटो और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई और लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया और टोटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर कला निवासी विजय शंकर उपाध्याय की बहन बिना चौबे अपनी मां की मृत्यु के बाद 13 वीं के कार्यक्रम में अपने मायके आई थी। अपने ही गांव के टोटो के जरिए अपने गांव मृदांतपुर जा रही थी। जब टोटो चालक शुभम गुप्ता सुरतापुर सहज जनसेवा केंद्र के पास पहुंचा तब पीछे से एक अज्ञात ट्रक ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टोटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक सहित 6 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत ग्रामीण और पुलिस की मदद से मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हए चिकित्सकों ने उन्हें गाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर के इलाज के दौरान बिना चौबे उम्र लगभग 56 वर्ष की मृत्यु हो गई ।अन्य घायल ज्योति पाण्डेय उम्र लगभग 30 वर्ष की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इसके अलावा भानु प्रताप चौबे उम्र लगभग 60 वर्ष, प्रतीक उपाध्याय उम्र लगभग 24 वर्ष, और 4 वर्ष आराध्या पाण्डेय का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

**कासिमाबाद।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सनेहुवा चट्टी पर बुधवार की देर शाम दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत हो गई। वही दूसरी बाइक पर सवार पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सनेहुवा चट्टी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर कार्रवाई में जुट गई। दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान राजा कन्नौजिया पुत्र पिंटू कन्नौजिया निवासी अरदौना हलधरपुर थाना जनपद मऊ के रुप में हुई। वही घायलों की पहचान मऊ के रतनपुरा गांव निवासी हरिलाल उम्र 36 वर्ष एवं आलोक उम्र 12 वर्ष है जो बच्चे के ननिहाल कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के वेलसडी गांव से अपने घर जा रहे थे।






























## जनसंपादकीय

# कुंभ हादसे का सच इतनी देर तक छिपाया क्यों गया

**अजय तिवारी**



बुधवार की सुबह बड़ी खराब हुई। शाम तक मन बेचैन है। आखिर कुंभ में हुई भगदड़ में हताहत लोगों की संख्या बताने में इतना विलम्ब क्यों हुआ? रात लगभग 12 बजे जब सोने जा रहा था, दरवाजे के बाहर हर हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लह रहे थे। मेरा घर कुंभ मेले से कुछ ही दूरी पर है। मेला घूमने की तकान के कारण जल्दी नींद आ गयी लेकिन चार बजने वाला था कि मोबाइल की आवाज से लगा कि मेरी पत्नी प्रतिभा कुम्भ की स्थिति के बारे में जानने की कोशिश कर रही हैं। उन्हें, उनकी बहन और भांजी को स्नान कराने जाना था। उसी समय इस दुखद घटना का भी पता चला कि रात में ही भगदड़ में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

मेरा तो न धर्म में विश्वास है, न इस अनियंत्रित भीड़ के बीच गंगा में डुबकी लगाने की इच्छा। मेरे कई रिश्तेदार संगम स्नान करके लौटे तो घर में बम्बा स्नान करके स्वच्छ हुए। इस तरह, संगम स्नान से पवित्रता और गृह स्नान से स्वच्छता का अंतर मेरे लिए बड़ा ज्ञानवर्धक था।

दिन भर इस घटना में मारे गये और घायल हुए लोगों की संख्या को लेकर असमंजस, अफवाह और भय का आलम रहा। अफसोस की बात है कि सरकार से लेकर प्रत्यक्षदर्शियों तक मृतकों की गिनती इतनी अलग-अलग है कि लोग एक तरफ आस्था से उद्वेलित होकर संगम की ओर आगे बढ़ रहे हैं तो दूसरी तरफ डर भी रहे हैं क्योंकि किसी को पता ही नहीं कि कितने लोग मोक्ष को प्राप्त हो गये।

शाम तक बताया जा रहा था कि 17 मरे, 25 मरे, 50-100 या इससे भी ज्यादा। इस दशा में दुर्घटना के 12 घंटे बाद तक किसी अधिकृत मंच से सही सूचना न मिलना इस वातावरण को और भयावह बना रहा था। वास्तव में, यह आशंका कल से ही थी। सात बजे के आसपास लाउडस्पीकरों से घोषणा की जा रही थी कि लोग अमृत स्नान के लिए निकलें और 144 साल बाद आये इन महापुण्य का लाभ लें। तब से साढ़े नौ बजे तक तीन अलग-अलग जगहों पर भगदड़ मची थी। लेकिन वह वीआईपी मूवमेंट के कारण थी और पुलिस उसे नियंत्रित करने में सक्षम थी। पर प्रशासन पर साधुओं-नेताओं आदि दूसरे तत्वों की दखलंदाजी इतनी अधिक है कि प्रशासन लाचार हो जाता है।


मुख्यमंत्री योगी एक तो 'श्रद्धालुओं' और सामान्य जन का भेद करते हुए जो 'अपील' कर रहे हैं, वह आशंका बढ़ाने वाली है। इन 'श्रद्धालुओं' से अलग संत हैं। वे खुद नहीं जानते कि कब किसे स्थान दिया जाना चाहिए। वे प्रदेश और कुम्भ के मुखिया हैं लेकिन उन्होंने देर शाम तक मृतकों और घायलों की वस्तुस्थिति का आभास तक देने से बचने की कोशिश की। इसकी जरूरत क्या थी, ऐसा क्यों किया गया, यह जानने का सबको हक है। अगर शासन को यह बताने में 12 घंटे से भी ज्यादा लगे कि इस दुर्घटना में 30 लोग मारे गये और 60 लोग घायल हुए, तो उसे इस देरी का कारण भी बताना चाहिए।

एक अजीब संयोग की चर्चा करना चाहता हूँ। जिस साल मेरा जन्म हुआ था, उस साल कुम्भ था। मेरे जन्म से दस महीने पहले 1954 का महाकुंभ था और उसमें नागाओं की भगदड़ के कारण भारी दुर्घटना हुई थी और सैकड़ों लोग मारे गए थे। अब मेरे संसार छोड़ने से पहले शायद आखिरी कुम्भ है और जन्म की तरह मृत्यु से पहले भी भारी दुर्घटना हुई।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक हैं)**

# कुंभ को देखना एक जीवंत परंपरा को देखने जैसा

**सदानंद शाही**



कवि त्रिलोचन इस अपार भीड़ में विराट का दर्शन करते हैं। वे कहते हैं - जाने दो, यदि महाकुम्भ में जन आता है/ कुछ तो अपने मन का परिवर्तन पाता है। यह मन का बदल जाना बहुत मूल्यवान है। कबीर इसे ही मन का फेर कहते हैं। यह मन यों ही नहीं बदल जाता। एक पूरी प्रक्रिया होती है मन को बदलने की।

कुंभ में भारत का जन समुद्र जिस तरह लहराता है उसमें विराट के दर्शन होते हैं ।विराट का दर्शन होने पर मन में विराटता की अवतारणा होती है। तब समझ में आता है कि कुंभ में जाना खो जाना नहीं बल्कि व्यक्ति के क्षुद्र 'मैं' का विराट में विसर्जित हो जाना है। यह जो खोना है ,यह जो मैं का विसर्जन या विलयन है उसी में मुक्ति है।अहं से मुक्ति है जिसे सामान्य बातचीत में पाप से मुक्ति कहते हैं । यही दुःख से मुक्ति है। कवि गुरु रवीन्द्रनाथ ठाकुर की पंक्तियाँ याद आती हैं - पूजार थालार आछे आमार व्याथार शतदल । पूजा की थाली में ही है मेरी व्यथाओं का शतदल कमल। अपनी व्यथाओं का शतदल कमल लेकर लोग कुम्भ में आते हैं और गंगा यमुना की धारा को समर्पित कर देते हैं। इस लहरा रहे जन समुद्र को ध्यान से देखने पर हम पाते हैं कि व्यथाओं से मुक्ति का एहसास चारो ओर लहरा रहा है।


यहाँ से वहाँ तक फैली हुई रेती में तरह-तरह के पांडाल हैं, तरह-तरह के अखाड़े हैं तरह- तरह के मठ हैं, उनकी रंग-बिरंगी पताकाएं हैं। सब की सब एक ही समय में एक आकाश में लहरा रही हैं। ऐसा लगता है मानों भारतीय संस्कृति की उदात्त बहुवचनीयता अपने विविधवर्णी छवि के साथ एक ही विराट का साक्षात्कार करने को पर्युत्सुक हो। समूचा हिन्दुस्तान सिमट आता है इस विराट की छाया में एकाकार होने ।याद आते हैं निर्मल वर्मा 'न जाने कैसा स्वाद होगा उस सत्य का- अमृत की तलहटी बूँदों का, जिसकी तलाश में यह लंबी यातना भरी धूल- धूसरित यात्रा शुरू हुई है- हजारों वर्षों की लांग मार्च, तीर्थ अभियान,सूखे कंठ की अपार तृष्णा- जिसे इतिहासकार 'भारतीय संस्कृति' कहते हैं। भारतीय संस्कृति के सभी अध्याय जैसे खुले हुए हों । अब बस गंगा की रेती पर पढ़ लेने वाली आँखों का इंतजार है।भारतीय संस्कृति का ताना बाना नदियों के तट पर बुना जाता है,जिसे बुनने के लिए वे विकल भाव से पहाड़ों पर से उतरती हैं । सुदूर हिमालय से ध्यानमग्न भूधर अडिग भाव से देखते रहते हैं इस संघटना को।इसके नैरन्तर्य और प्रवाह को। रामकृष्ण परमहंस ने ठीक ही कहा कि 'नदियाँ बहती हैं, क्योंकि उनके जनक पहाड़ अटल रहते हैं।' पहाड़ों की अडिगता और नदियों के सतत प्रवाह में ही शायद भारतीयता की अमरता का स्त्रोत छुपा हुआ है। कुंभ में यह अमरता सतत प्रवाहित होती दिखाई ही नही देती बल्कि गंगा और यमुना के कलकल छल-छल में सुनाई भी देती है। निर्मल वर्मा ठीक कहते हैं - 'वहाँ उठने वाली अनेक प्रार्थनाओं से जुड़ा शोर शोर नहीं है, न आवाज है, न कोलाहल -सिर्फ. मनुष्य का अपनी आत्मा से एकालाप, जिसे सिर्फ.बहता पानी सुन सकता है।' व्यथाओं के शतदल कमल ही नहीं प्रार्थनाओं का आर्तनाद भी पानी के माध्यम से विराट तक पहुँचता है।

**( लेखक कवि, संपादक हैं, कुलपति रहे हैं।)**

# दारुण राजनीतिक परिवेश में एक जीवनदायी स्वप्न

## शख्सियत

**गिरीश्वर मिश्र**



बापू की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादे धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सौर सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में सब बहुतों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी। गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने ब्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने शुरू किए थे। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्संबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी । उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए 'सर्व' का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्मदिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और वास्तविकता के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते।


अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियाँ देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है।

चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुँच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हजार रुपए जरूर दिए जाएँगे । इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है।

अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुँच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफे तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ़्त सुविधाओं की बरसात कई कई किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़ चढ़ कर दावे ठोंक रही है। जहां तक पुराने अधूरे वादों का सवाल है और अपनी असफलता का सवाल है उसका ठींकरा विपक्षी दल पर फोड़ना आम बात है। पार्टियाँ मतदाता को लुभाने और घेर कर अपने पक्ष में करने के सभी जुगाड़ लगा रही हैं। समानता और समता की दुहाई देने वाली पार्टियाँ जाति, धर्म और क्षेत्र का खुले आम फायदा उठा रही हैं। नागरिक सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था से जूझ रहे मध्य वर्ग के लोगों को राजनैतिक पार्टियों के वादे कुछ राहत देने वाले लगते हैं तो गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को बेहद प्रलोभित करने वाले होते हैं। उनको सम्मान राशि में रूपयों पैसों को लेकर तात्कालिक फायदा दिखता है और भोली भालीं जनता उसी के हिसाब से वोट डालने के लिए अपना मन बनाती बिगाड़ती रहती हैं। कोई राजनेता यह नहीं बताता कि इन वादों और गारंटियों की अनंत सूची के लिए धन कहाँ से आएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी।

राजनैतिक विचारधारा से लगाव अब कोई मायने नहीं रखता। समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुँचती दिख रही है। साथ ही चचाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चचाएँ हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं। सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं और वर्तमान में बड़ी समानताएँ दिखती हैं। उदाहरण के लिए अपराध की पृष्ठभूमि यानी दागी नेता लोगों को प्रश्रय देने की मजबूरी कमो-बेश सभी दलों में दिखती है। उनकी पात्रता को लेकर संदेह होने पर भी उनसे भय के कारण मौका दिया जाता है। अनेक नेता लाज शर्म छोड़ अपने धन-दौलत की बदौलत पार्टियों से टिकट पाने में सफल हो

**समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुँचती दिख रही है। साथ ही चचाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चचाएँ हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं। सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं और वर्तमान में बड़ी समानताएँ दिखती हैं।**



जाते हैं और फिर जीतने के बाद धन-उगाही ही उनका राजनीतिक कर्म हो जाता है। अनेक पूर्वगरीब और वर्तमान में बने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनेताओं के पास अथाह धन-सम्पत्ति जिस तरह एकत्र होती दिखती है वह छिपा नहीं है। चुनाव में प्रत्याशियों की सूची देखें तो लगता है करोड़पति अरबपति होना अब राजनीति में प्रवेश लेने की शर्त होने लगी है। आर्थिक जगत में इतने तरह के घोटाले होते रहे हैं कि लोगों का राजनीति और राजनेता से भरोसा उठता जा रहा है।

आज राजनैतिक परिवेश दारुण और पीड़ादायी हो रहा है। सत्ता और शक्ति का नशा गहराता जा रहा है। ऐसे में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए शुचिता की शर्त याद रखनी होगी। चरित्र का निर्माण और मूल्यों की प्रतिष्ठा का कोई विकल्प नहीं है। महात्मा गांधी औपनिवेशिक सता के प्रतिरोध और हिंद-स्वराज की स्थापना का स्वप्न चरितार्थ कर सके थे। मनुष्य के रूप में दुर्बल काया परंतु दृढ़ आत्मबल से उन्होंने जो उद्यम किया वह मनुष्य की उदात्त और ऊर्ध्वमुखी यात्रा का अविकल प्रमाण है। असम्भव संभावना को संभव करते महात्मा गांधी आज भी अविश्वसनीय रूप से स्पृहणीय और प्रेरक हैं। मनुष्य के कर्तृत्व की शक्ति का कोई विकल्प नहीं है। पर इसके लिए विचार और कर्म के बीच की दूरी जो बढ़ती जा रही है उसे कम करना होगा। आत्म-परिष्कार और अपने अहं से परे जाने और सर्व को प्रतिष्ठित करने के लिए हमें अपने स्वार्थों का अतिक्रमण करना होगा।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

# आत्मा पर दस्तक देते गांधी विचार

## प्रसंगवश

**चित्रा माली**



कॉलिन्स और लापियर की किताब 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का हिंदी अनुवाद 'बारह बजे रात के' 1978 में ही प्रकाशित हो गया था,जिसे हम में से कई लोगों ने पढ़ा भी होगा। अभी हाल ही में यह किताब फिर से विमर्श के केंद्र में है क्योंकि सोनी लिव पर 'फ्रीडम एट मिडनाइट' नाम से ही इस पर इसके संदर्भों के साथ एक वेब सीरीज बनाई गई है। जिसका निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है। इस दौर में बनाई जा रही वेब सीरीज और फिल्मों में दिखाई जा रही घटनाओं और तथ्यों के साथ छेड़छाड़ से मन वैसे ही क्षुब्ध था। ऐसे में इस वेब सीरीज को लेकर भी संदेह था। लेकिन 'फ्रीडम एट मिडनाइट' तथ्यों और घटनाओं के साथ न्याय करती है जिसकी काफी तारीफ भी की गई है। बहरहाल इस वेब सीरीज की समीक्षा करना मेरा मकसद नहीं है। आज का समय एक क्लिक पर सारी सूचनाएं प्राप्त कर लेने का समय है जो अधीरता से भरा हुआ है, बिना प्रमाणिकता की परख किए उसी अधूरे सत्य को सत्य मानने का समय है।बहुपक्षीय सत्यों को आत्मसात करने का वक्त अब हमारे पास नहीं है। एक कटुतम सत्य यह भी है कि जिस देश ने गांधी को अपना राष्ट्रपिता बापू माना है उनके आदर्शों,प्रतिमानों को जानने समझने की जहमत भी हम उठाने को तैयार नहीं है। एक वर्ग गांधी के अनुयायियों का है जो गांधी के किसी भी विचार पर प्रश्न करने से डरते है या जो प्रश्न करते हैं उन्हें वे गांधी का आलोचक समझते हैं। दूसरा वर्ग आलोचकों का है जो सिर्फ गांधी की आलोचना करने के लिए आलोचना करते है और कई बार कुतर्कों का भी सहारा लेते है। एक तबके के द्वारा आज भी गांधी जी को भारत विभाजन के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इस वेब सीरीज में विभाजन की विभीषिका को रोकने के लिए गांधी जी के द्वारा किए गए प्रयासों को दिखाया गया है और साथ ही नेहरू,पटेल और आजाद के साथ गांधी के संवाद और जिरह को भी बखूबी प्रस्तुत किया गया है जो भारत विभाजन की तत्कालीन परिस्थिति को समझने में मदद करती है। गांधी जी को और भी कई बातों का जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। गांधी जी के विरोध और आलोचना के लिए भगत सिंह, डॉ.अंबेडकर और सुभाष बाबू को भी गांधी के बरक्स रखा जाता रहा है। सुभाष चंद्र बोस और डॉ.अंबेडकर, गांधी के विचारों और कार्यशैली से सहमत नहीं थे और वे लगातार अपनी असहमति पत्रों के माध्यम से दर्ज कराते रहते थे जिसे गांधी उदार मन से सुनते, सुधार करते और पत्र के माध्यम से अपना पक्ष भी रखते थे। 1945 में डॉ.अंबेडकर ने एक किताब प्रकाशित करवाई जिसका नाम था 'व्हाट कांग्रेस एंड द गांधी हैव डन टू द अनटचेबल्स' इस किताब में डॉ. अंबेडकर तर्क देते है और कारण बताते है कि गांधी जी का अछूतोद्धार अभियान असफल क्यों रहा। पहला 'छुआछूत पर गांधी हिंदुओं को प्रभावित करने में बिलकुल असफल रहे है'। दूसरा गांधी ने छुआछूत के विरुद्ध कोई राजनीतिक आंदोलन नहीं किया। तीसरा गांधी नहीं चाहते है कि अछूत लोग मजबूत हों और संगठित हों,क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसा करने से वे हिंदुओं से स्वतंत्र हो जाएंगे और हिंदू धर्म के पदानुक्रम को कमजोर कर देंगे। डॉ. अंबेडकर ने एक तर्क और दिया कि 'अछूतों के बीच में स्वतंत्रता की चेतना को खत्म करने के लिए गांधी ने हरिजन सेवक संघ की स्थापना की'। इस पर गांधी जी का कहना था कि हरिजन सेवक संघ एक ऐसी संस्था है जो सवर्ण हिंदुओं को अपने अतीत के पापों पर प्रायश्चित करने को कहती है। शोषकों को खुद को बदलना पड़ेगा। डॉ.अंबेडकर गांधी जी की अकसर आलोचना करते थे लेकिन यह पहला अवसर था जब गांधी जी की आलोचना के लिए उन्होंने एक पूरी किताब ही लिख दी थी। किताब के प्रकाशन के कुछ दिन बाद ही कांग्रेस के एक सामाजिक कार्यकर्ता जो खुद निचली जाति के थे गांधी जी से मिलने आए। चर्चा के दौरान डॉ.अंबेडकर के हालिया आक्रमणों पर भी बात की गई। उस सामाजिक कार्यकर्ता ने गांधी जी से पूछा कि 'क्या अंबेडकर ने खुद को गांधी की तुलना में बेहतर साबित कर दिया है?' इस सवाल पर गांधी जी ने जवाब दिया मेरा जवाब हां भी है और नहीं भी। डॉ. अंबेडकर एक जुझारू और निडर व्यक्ति हैं। जहां तक मेरा सवाल है मैं हरिजनों को उतना ही सक्षम बनते देखना चाहता हूं जितना डॉ.अंबेडकर लेकिन मेरा तरीका दूसरा है। बल्कि मैं तो चाहता हूं कि वे मुझसे भी बेहतर करें। मैं चाहता हूं हरिजन समुदाय ऐसे शानदार व्यक्तित्वों का निर्माण करे जो हमारे पूरे समाज को नया आकर दे। डॉ. अंबेडकर की इस किताब के जवाब में सी. राजगोपालाचारी राजाजी ने एक लंबा पर्चा लिखा। क्योंकि राजाजी अस्पृश्यता उन्मूलन कार्यक्रम में गांधी जी के साथ मजबूती से खड़े थे। असहयोग आंदोलन के बाद जब उन्होंने अपनी शानदार वकालत का परित्याग कर दिया था,इसके बाद वे सिर्फ एक ही बार अदालत में गए और मुद्दा 'अछूतों' के मंदिर में प्रवेश का था जिन्हें सवर्ण हिंदुओं ने प्रतिबंधित कर रखा था। गांधी अपने आलोचकों को भी पूरा स्पेस मुहैया करवाते थे ताकि परस्पर संवाद और एक दूसरे के विचारों को जानने समझने का अवसर मिलता रहे। इन दिनों गांधी को और उनके संदेशों को भारत से बाहर कहीं बेहतर सुना जा रहा है और याद भी दिलाया जा रहा है कि भारत की पहचान गांधी है। गांधी और भारत एक दूसरे के पर्याय हैं जिससे कई बार लोगों को अगाध प्रेम स्नेह महज इसलिए मिलता रहा है कि वे गांधी के देश से आए हैं। गांधी के आदर्श और मूल्य ही विश्व को बचाने के लिए आवश्यक हैं, इसका जिक्र अंतरराष्ट्रीय मंचों से लगातार होता रहा है। गांधी के जन्मदिन को पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाना इसका प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय फलक पर देखे तो गांधी के जीवनकाल में उनका प्रभाव भारत तक सीमित रहा लेकिन देहत्याग के बाद वे सच्चे अर्थों में विश्व नागरिक बनकर विश्व के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने और लोकतांत्रिक आंदोलनों को प्रेरणा देते रहे हैं । गांधी जी की मृत्यु के सात दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी गांधी की विरासत और उनका जीवन आज भी विमर्श के केंद्र में है और उस पर कई बार ऐसे देशों में भी क्रियान्वयन किया जाता है जिसके बारे में गांधी जानते तक नहीं थे। लोकतांत्रिक आंदोलनों के द्वारा हुए करीब पांच दर्जन सत्ता परिवर्तनों के अध्ययन में पाया गया कि सत्तर फीसदी से ज्यादा मामलों में तानाशाही सरकारें इसलिए धराशायी हुई कि उनके खिलाफ सशस्त्र विद्रोह नहीं हुआ था,बल्कि वे बहिष्कार, हड़ताल, उपवास और विरोध के दूसरे माध्यमों की वजह से पराजित हुई थी जिसकी प्रेरणा गांधी से मिली थी। गांधी की अहिंसा की शिक्षा आज भी खत्म नहीं हुई है। अरब,मिश्र,यमन और अन्य देशों में आंदोलनकारियों ने गांधी जी की तस्वीरों के साथ अहिंसक प्रदर्शन किए और गांधी जी की प्रतिरोध की अहिंसक कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन भी किया। गांधी के वैश्विक महत्व का पता हर साल प्रकाशित होने वाली उन पुस्तकों से चलता है जो उनके व्यक्तित्व पर बडी संख्या में दुनिया भर से प्रकाशित होती हैं। गांधी जी तीन अलग अलग देशों में रहे जिनमें से एक देश इंग्लैंड में वे विक्टोरियन युग में शिक्षित हुए, दक्षिण अफ्रीका में नस्लवाद के शिकार हुए और यहीं से सत्ता के प्रतिकार की अहिंसक कार्यशैली विकसित हुई,जिसका विस्तार भारत में देखा जा सकता है। गांधी जब अपने सघन राजनीतिक कार्यकलापों में लगे हुए थे उस दौरान दुनिया में बोल्शेविक क्रांति हुई,फासीवाद का उत्थान और पतन हुआ,विश्व में दो-दो विश्व युद्ध हो गए, एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद विरोधी आंदोलन उफान पर थे। चीन में माओ-त्से-तुंग एक हिंसक क्रांति की शुरूआत कर रहे थे और गांधी भारत में सत्य और अहिंसा आधारित जन-आंदोलन चला रहे थे। परमाणु हथियार के प्रथम इस्तेमाल के ढाई साल बाद गांधी जी की हत्या हुई थी। गांधी जी ने परमाणु हथियारों की बजाए मनुष्य को,मनुष्यता को बचाए रखने के लिए अहिंसा को अपनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था कि 'जब मैंने पहली बार सुना था कि अणु बम ने हिरोशिमा का सफाया कर दिया है, तो मैं एकदम स्थिर बना रहा था। इसके विपरीत मैंने खुद से कहा था, अगर आज दुनिया अहिंसा को नहीं अपनाती है तो यह स्थिति मनुष्यता के लिए आत्मघाती साबित होगी।' अहिंसा वह एकमात्र चीज है जिसको अणु बम भी नष्ट नहीं कर सकता। 30 जनवरी 1948 की प्रार्थना सभा में एक विचार को मारने की साजिश रची गई जो एक व्यक्ति की हत्या के रूप में सफल भी हो जाती है लेकिन गांधी एक विचार है जो आज तक हमारे इर्द गिर्द मौजूद है और उनके द्वारा दिया गया अहिंसक प्रतिरोध का मार्ग जो अंतिम जन के लिए अपनी जायज मांगों के संघर्ष के लिए आज भी कारगर है। 1 जनवरी 1948 से लेकर 30 जनवरी 1948 तक जब तक गांधी जीवित थे वे कौमी एकता और हिंदू मुस्लिमों को भाईचारे का पाठ पढ़ा रहे थे उनके जीवन का एक मात्र उद्देश्य विभाजन जनित हिंसा को समाप्त करना और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाना था। आज भी हिंदू-मुस्लिम, ऊंची और नीची जातियों,मानव और पर्यावरण के बीच होने वाले संघर्ष और तनाव को सुलझाने के लिए गांधी और गांधी विचारों की प्रासंगिकता बनी हुई है।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और शोध अध्येता हैं)**

## व्यंग्य



# अश्लीलता के बहाने

**यशवन्त कोठारी**

अश्लीलता एक बार फिर चर्चा में है। मैं पूछता हूं अश्लीलता कब चर्चा में नहीं रहती। सतयुग से कलियुग तक अश्लीलता के चर्चे ही चर्चे है। आगे भी रहने की पूरी संभावना है। यह बहस ही बेमानी है। श्लीलता आज है कल नहीं मगर अश्लीलता हर समय रहती है। अश्लीलता बिकती है उसका बाजार है, श्लीलता का कोई बाजार नही है। इधर एक साथ कुछ ऐसी फिल्में दृष्टिपथ से गुजरी जिनके नाम तक अश्लील लगते हैं। जिस्म, मर्डर, फायर, नो एन्ट्री, हवस, गर्लफेण्ड, खाहिश, जैकपाट, हैलो कौन है, तौबा तौबा, जूली, चेतना और न जाने क्या क्या । हर तरफ पोरनोग्राफी का मायाजाल। रील की जिन्दगी कें हर तरफ बस गरमागरम माल ही माल है। अश्लीलता का हमला पूरे युग पर हो रहे सभी हमलों में सबसे ज्यादा घातक और खतरनाक है। अश्लीलता पर चर्चा हो और देह, देह व्यापार, देह के अर्थशास्त्र पर चर्चा न हो यह कैसे मूमकिन है। साहित्य, कला संस्कृति और सभी जगहों पर अश्लीलता का जादू सर पर चढ़ कर बोल रहा है। सफलता के लिए कुछ भी करने को तैयार व्यापारी हर तरफ से अश्लीलता परोस रहे हैं और हर तरफ से अश्लीलता को भकोस रहे है। नारी विमर्श के नाम पर साहित्य में अश्लीलता चल रही है। न्यूड व नेकेड पेन्टिग के नाम पर कला में अश्लीलता बिक रही है। संस्कृति के साथ सर्वत्र बलात्कार हो रहा है। कौन है जो इसे रोके। हर कोई इस बहती नदी में स्नान करना चाहता है।

सफलता के लिए सी ग्रेड फिलमों से सफर शुरू करने वाली नायिका बोल्ड दृश्य, कहानी की मांग और निर्देशक की इच्छा के नाम पर बिस्तर दर बिस्तर अश्लीलता के सहारे आगे बढ़ रही है।

उपेक्षित, शोषिता, वंचिता, बनकर जीने के बजाय सफल सुन्दर, और धनवान बनना ज्यादा आसान लगता है। इश्क, प्रेम मोहब्बत को हमने इबादत से निकम्मा और कमीना तक पहुचा दिया गया है। नवधनाढय वर्ग को विकल्प और परिवर्तन चाहिये। वो नारी देह से मिले या पुरूष देह से अश्लीलता हो या कुछ और, नीला जहर हो या पीला जहर सब पी रहे हैं। इन्टरनेट पर अश्लीलता की सैकडो बेब साइटस हैं, सब पर जबरदस्त भीड़ कामुक साहित्य सबसे ज्यादा बिकता हैं। अश्लील साहित्य को बेचना सबसे ज्यादा आसान है। अश्लीलता की बाढ़ कहां नहीं है। घर परिवार से शुरू होने वाला यह सफर रेडिया, टीवी, कम्यूप्टर वेब साइटस से चलकर सड़को, होटलों सर्वत्र दिखाई दे रहा है। कैबरे, डिस्को थेक, पब, रेड लाइट एरिया, कोठो क्लबों, और रिसोर्टो में पसर कर बैठ गई है अश्लीलता। हे कोई जो अश्लीलता से पंगा ले । सर्वत्र देह के शिकारी डोल रहे है। कामुकता की संस्कृति के बहाने सब जगहो पर खुला खेल हो रहा है। अश्लीलता का विस्तार कहां नहीं है। विकास की कीमत की तरह है अश्लीलता। विकास करो विकास। विकास के साथ अश्लीलता मुफ्त मिलती है।

अश्लीलता नारी की अस्मिता से जुड़ी है मगर अस्मत के सामने नतमस्तक है। अश्लीलता की अपनी उलझने है। वे एक षडयन्त्र की तरह व्यक्ति का अपने में लील लेती है। अखबारों में, खबरों में, टीवी चैनलों में पत्रिकाओं में सर्वत्र है अश्लीलता खूब भोगो। भोगते भोगते थक जाओ तो नयी अश्लीलता ढुंढो। अश्लीलता की परिभाषा बदल दों । छेड़ छाड़ से चलती हुई भदेस गालियों से होती हुई अश्लीलता सौन्दर्य प्रतियोताओं और केट वाक तक चली गई । अश्लीलता से पैसा आता है। पैसे से सुख आते है। भौतिक सुविधाएं आती है तो फिर देर किस बात की। चलों अश्लीलता की और । बलात्कार के समाचारो को रोचक तरीके से बार बार प्रस्तुत कर उसे बेचा जाता है। कई बार बलात्कार, और बलात्कारी से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है विधि। विधि का वर्णन बेहतर तरीका से किया जाता है। मैं पूछता हूं बलात्कार घाव है या हथियार। उसे एक हथियार के रूप मे क्यों प्रयुक्त किया जा रहा है? समाज में देह शोषण को अलग अलग ढंग से बार बार प्रस्तुत करने से समाज में परिवर्तन कैसे हो सकता है। समाज के ठेकेदार रोज अश्लीलता को ओढ़ते है, बिछाते है खाते है, पीते है। मजे करते है।

सौन्दर्य अलग चीज हैं, अश्लीलता अलग । अजन्ता, एलोरा, एलीफेन्टा, कालीदास का कुमार संभव या ऋतसंहार अश्लील नहीं है यारो उसकी नकल मत करो।

अश्लीलता तो तब है जब इस देह को एक प्रोडक्ट के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। प्रोडेक्ट मत बनाओ। अश्लीलता स्वतः समाप्त हो जायगी। फिल्म हो या टीवी या प्रिन्ट मिडिया अश्लीलता तो व्यवहार में है एकमानसिक बेवाय की तरह है अश्लीलता।

अश्लीलता आबाल वृद्ध को अनावृत्त कर देती है। देह को भोगना ही पर्याप्त नही है, शायद इसलिए देह को अश्लीलता के रूप में एक प्रोडक्ट बनाया जा रहा है।


सिनेमाघर तोड़ने या किसी लेखक कलाकार के हाथ पैर तोड़ने से अश्लीलता श्लीलता में नही बदल जाती है। उसके लिए एक पूरी पीढ़ी को बलिदान करना पड़ता है।

ब्लू फिल्मों का जहर एक पूरी पीढ़ी को बरबाद कर रहा है। सी ग्रेड की फिल्मों की नायिका कहां से कहा तक चली गई। बड़े से बड़े नेता अभिनेता, खिलाड़ी का व्यक्तिगत जीवन अश्लीलता से भरकर छलक रहा है।

पोर्नोग्राफी एक बहुत बड़ा व्यवसाय है। नेट पर हजारों साइट्स है . माल बेचने के लिए इन्टरनेट का सहारा लिया जा रहा है। और हम सब वेबस होकर देख रहे है। हर नाच गाने में कामुक मुद्राऐ, कैलि क्रिडाए, रतिरहस्य दिखाए जा रहे है। और फिर तुर्रा ये की ये सब कामसूत्र मे है, मगर कामसूत्र प्रोडक्ट नहीं है भाई, इसे रोको । रिमिक्स गानो तक को कोई देखे तो दांतो तले उंगली दबा ले और यदि मूल निर्देशक, गायक, कलाकार देख ले तो शायद आत्महत्या कर ले या रिमिक्स करने वाले की हत्या कर दे।

अश्लीलता की परिभाषा कठिन हो सकती हैं, मगर अभिव्यक्ति बहुत सरल है और बचना बहुत कठिन है। इस बहस को अनन्त तक जाना है कोई रोक सके तो रोके ।

**(86, लक्ष्मीनगर, ब्रह्मपुरी बाहर, जयपुर, संपर्क 9414461207)**


गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
DAFFODILS PUBLIC
SCHOOL & HOSTEL
30 Years Estd. 1994
AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI
30 YEARS OF GLORY
MIRZAPUR (UTTAR PRADESH)
NO. 1* SCHOOL OF MIRZAPUR
(For Nine Consecutive Years)
INDIA'S NO. 1* SOCIAL IMPACT AWARD
MIRZAPUR
EducationWorld
Daffodils Public School Lohia Talab
*as per Education World Magazine
Topper of Class 10th
97% Divyansh Srivastava
96% Utkarsh Singh
95.4% Jai Singh
95% Devansh Pratik
96.6% Kaushal
34 students scored above 90 percent
Topper of Class 12th
98% DISTRICT TOPPER Ishita Shukla
96.4% Vandita Tiwari
95.8% Shubhi
95.4% Laxmi
97.4% Mansi Agrawal
20 students scored above 90 percent
Lohia Talab Branch
Gurukul Hostel for Boys
INDOOR SEMI OLYMPIC SWIMMING POOL FOR OUR STUDENTS
FULLY AIR-CONDITIONED CLASS ROOMS
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Hostel : 8115273044, 8115276344, 9305420118 • Sankat Mochan : 7007438424
• Narghat : 7800757533, 9838501627 • Lohia Talab : 9026744874
daffodilsmzp@gmail.com
www.daffodilsmzp.com
facebook.com/officialdaffodilspage
instagram.com/daffodils_official

# महाकुंभ में बढ़ती भीड़ को लेकर जिले की सीमा पर रोके गये वाहन

**सीमाएं सील**

**छत्तीसगढ़ बार्डर का डीएम ने लिया जायजा, देखी सुरक्षा व्यवस्था**

**महाकुंभ यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं से वार्ता कर ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने बुधवार को जिले की सीमाओं को सील करते हुए गाड़ियों को रोकना शुरू कर दिया। जिले से लगती बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ सीमाओं पर निगरानी सख्त कर दी गयी है। श्रद्धालुओं से भरी दर्जनों गाड़ियां बार्डर पर रोक दी गयी हैं। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बुधवार को बभनी से लगे छत्तीसगढ़ प्रान्त बार्डर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभ मेले में जा रहे यात्रियों के सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लेते हुए उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों से कुंभ मेले में जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि महाकुंभ मेले में जा रहे वाहनों को परेशानी न उठानी पड़े, इसका खास ध्यान रखें। जाम की स्थिति को देखते हुए वाहनों को रवाना करते रहें।

महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को समस्या न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ सीमा से आ रहे वाहनों को आसनडीह में रोका गया है। छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर, अम्बिकापुर, विलासपुर, रायपुर, कोरबा समेत उड़ीसा राज्य से कुम्भ स्नान के श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं। इन्हें किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, इसको देखते हुए बड़े व भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गयी है। जिससे श्रद्धालुओं को सहुलियत मिल सके। इस मौके पर सीएमओ डा. अश्वनी कुमार, बीएसए मुकुल आनन्द पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय समेत तमाम पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ बार्डर का जायजा लेते डीएम



लोढ़ी के पास जिला प्रशासन द्वारा रोके गये वाहन

## एसपी ने जंक्शन प्वाइंट का किया निरीक्षण, मातहतों को दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मौनी अमावस्या पर्व के दृष्टिगत सदर कोतवाली क्षेत्र के हिंदुआरी सोनभद्र, मिर्जापुर-प्रयागराज व वाराणसी जंक्शन प्वाइंट पर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की चेकिंग की तथा निरीक्षण किया। एसपी ने आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की।

इस दौरान ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रुप से बनाये रखने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राज्यीय सीमा पर किसी भी प्रकार की कोई अवैध गतिविधियां न होने पाये। पुलिस ने प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले श्रद्धालुओं को मौनी अमावस्या के दिन अधिक भीड़ के दृष्टिगत 24 घण्टे बाद जाने हेतु सुझाव दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को भीड़ व ट्रैफिक की समस्या का सामना न करना पड़े।



जंक्शन प्वाइंट हिंदुआरी का निरीक्षण करते एसपी

## संक्षेप

### स्व. गौरीशंकर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर बांटा गया कम्बल



ग्रामीण को कंबल ओढ़ाते अतिथिगण

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बा स्थित रामलीला स्टेज के समीप बुधवार को सरपंच एवं रामलीला कमेटी के महाप्रबंधक रहे स्व. गौरीशंकर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। रेणुकूट से आये कृष्णा अजोरा के कलाकारों ने तीन घंटे का सुन्दर काण्ड का पाठ मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। पाठ समापन के बाद बाद सौ जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। प्रधान संगीता गणेश कुमार जायसवाल ने कहा कि हम सब के गार्जियन स्व. गौरीशंकर ने इस क्षेत्र के ग्रामीणों की सेवा पूरे निःस्वार्थ भाव से की थी। इनको नाक, कान में फंसा दाना या पत्थर निकलने में महारथ हासिल था। उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। दुद्धी विधानसभा प्रभारी बसपा संजय कुमार धुर्वे ने कहा कि स्व. गौरी शंकर सिंह ने समाज कार्यों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी कमी तो पूरी नहीं हो सकती पर उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर सुषमा सिंह, सोनाबच्चा अग्रहरी, दीपक सिंह, हरि सिंह, सहदेव तिवारी, राम विचार गौतम, रंजीत जायसवाल, जितेंद्र केशरी, सुजीत अग्रहरी, धर्मेंद्र अग्रहरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### शिविर में 63 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**दुद्धी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित नसबंदी शिविर में 63 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। केंद्र अधीक्षक व सर्जन डा. शाह आलम अंसारी ने बताया कि 71 नसबंदी की इच्छुक महिलाओं का पंजीकरण किया गया, जिसमें जांच के उपरांत आठ महिलाओं को प्रयोगशाला प्राविधिक सीता राम ने अयोग्य करार दे दिया। शेष 63 महिलाओं का सर्जन गिरधारी लाल द्वारा सफल बंध्याकरण किया गया। नसबंदी की गई महिलाओं को उनके खान-पान के लिए सरकार द्वारा मुहैया कराई जाने वाली दो हजार धनराशि उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया। नसबंदी टीम में फार्मासिस्ट रामसागर मौर्या, बीसीपीएम सुनीता, नर्स किरन, देवंती, नंदकिशोर शर्मा आदि शामिल रहे।

### बार बेंच की बैठक में व्यापारी समस्याओं पर चर्चा

**सोनभद्र।** बार बेंच की बैठक राज्य कार्यालय में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-एक मिथिलेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बार द्वारा व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर ने एमनेस्टी योजना के बारे में बताते हुए जीएसटी का टैक्स जमा करा कर ब्याज व पेनाल्टी की माफी के योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी दी। व्यापारियों के वैट रिफंड व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर दी सोनभद्र टैक्स बार के अध्यक्ष राजेश देव पांडेय, उमापति पांडेय, जनार्दन पांडेय, बीके रावत, प्रदीप धर द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पेड़ से लटकता मिला छात्रा का शव

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी स्थित पालिटेक्निककालेज के सामने बुधवार को पेड़ से लटका किशोरी का शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पेड़ से उतरवाकर उसकी पहचान करायी तो उसकी शिनाख्त चांदनी 17 पुत्री शंकर निवासी लोढ़ी के रूप में हुई। पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गयी।

## राजू की मौत का खुलासा पिता की डांट के बाद लगायी थी फांसी

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोड़हर में एक पिता द्वारा गाड़ी चलाने को लेकर लगाई गई डांट-फटकार के बाद बेटे ने आत्महत्या कर ली थी, जिसका पुलिस ने 36 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक राजू के पिता श्याम लाल ने पूछताछ में बताया कि सोमवार की शाम उन्होंने अपने बेटे को गाड़ी चलाने के संबंध में डांटा था। इसके बाद राजू नाराज होकर दूसरी जगह सोने चला गया। अगली सुबह जब राजू की मां अनारमती और चाचा बच्चन लाल उसे देखने गए तो उन्होंने राजू का शव एक बल्ली में रस्सी से लटका हुआ पाया। परिवार के सदस्य यह देखकर घबरा गए और तुरंत शव रस्सी से उतार दिया। डर के कारण उन्होंने शुरूआत में पुलिस को सच्चाई नहीं बताई। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की तो सच्चाई सामने आ गई।

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

**जाना हाल**

**बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी**

**देखा विद्यालय के सीनियर विंग का निर्माण कार्य, घटिया ईट का प्रयोग करने पर जताई नाराजगी**

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर/बभनी।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बुधवार को विकास खण्ड बभनी और म्योरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं को एचवीपी वैक्सीन लगाकर टीककरण का शुभारंभ किया गया।

डीएम ने बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए बताया कि वैक्सीन सर्वाईकल कैंसर से बचाव करती है, जिससे जननांग मस्सों जैसे बीमारी नहीं होती है। जिलाधिकारी ने छात्राओं से वार्ता कर इससे होने वाले फायदे के सम्बन्ध में जानकारी दी। म्योरपुर के पतेरीटोला में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचते ही अध्यनरत बालिकाओं ने जिलाधिकारी पर फूलों से वर्षा कर स्वागत किया। विद्यालय पर पहले से ही मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने डीएम के सामने ही पांच बालिकाओं को जीवन रक्षा एचपीवी वैक्सीन लगाया और इस वैक्सीन के लाभ को बताया। साथ ही बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। 100 बालिकाओं को वैक्सीन लगनी है।

इसके बाद डीएम ने बालिकाओं के पढ़ाई कक्ष, रसोई घर, भोजनालय शयनकक्ष का निरीक्षण कर विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। विद्यालय के बाउंड्रीवाल के अंदर में ही कुछ दूरी पर निर्माण हो रहे विद्यालय के सीनियर विंग का निरीक्षण कर निर्माण में घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किये जाने पर नाराजगी जताते हुए सम्बधित अधिकारी को निर्देश दिया कि ठेकेदार इस ईट का प्रयोग निर्माण कार्य में न करे। वहीं मौके पर मौजूद हिंडाल्को सीएसआर अधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रो में सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। इस मौके पर सीएमओ अश्वनी कुमार, बीएसए मुकुल आनन्द पांडेय, सीएचसी अधीक्षक पीएन सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, आनन्द कुमार श्रीवास्तव, इंदु राही समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं से वार्ता करते डीएम बीएन सिंह

### राजकीय महाविद्यालय हैण्डओवर करने के निर्देश

**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह ने बभनी ब्लाक के ग्राम पंचायत पोखरा में बनकर तैयार राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने महाविद्यांलय को देखा और उसका संचालन शुरू करने के लिए सम्बन्धित को पूरी तैयारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो भी जरूरी व तकनीकी कार्य शेष बचे हैं, उसे तत्काल पूरा करते हुए सम्बन्धित को संचालन के लिए हैण्डओवर किया जाये। जिससे पठन-पाठन का कार्य शुरू कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाविद्यालय का नाम अंकित कराया जाये, जिससे लोगों को जानकारी हो सके। प्राचार्य डा. रामसेवक सिंह यादव से स्थिति का जायजा लिया तो उन्होंने बताया कि मेन रोड से डिग्री कालेज तक आने वाले सड़क का निर्माण कराया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सम्बन्धित विभाग से कार्ययोजना तैयार करते हुए जल्द रोड निर्माण कराया जायोगा।

## महाकुंभ में मौत, प्रदेश सरकार की विफलता राघवेंद्र नारायण

**सोनभद्र।** एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर संगम तट पर मची भगदड़ से पूरा देश दुखी है। महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर गहरी चिंता जताते हुए शासन और प्रशासन की व्यवस्थाओं पर राघवेंद नारायण ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले की अव्यवस्था प्रदेश सरकार की विफलताओं को उजागर करती है। योगी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में खर्च होने वाले पैसे का अधिकांश हिस्सा अपनी ब्रांडिंग और प्रचार- प्रसार पर लगाया, न कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था पर। यह सरकार की संवेदनहीनता को स्पष्ट रूप से दिखाता है। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो बेहद दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कहा कि प्रशासन ने आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा और जरूरतों की बजाय वीआईपी मूवमेंट पर ज्यादा ध्यान दिया। जिसकी वजह से इस तरह की भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजन में प्रशासन को आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए था। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। इस दुखद घटना में पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कहा कि हम मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही, सरकार से अपील करते हैं कि मृतकों के परिवारों को एक करोड़ मुआवजा दिया जाए और घायलों को मुआवजे के साथ उचित इलाज की व्यवस्था की जाए।

## वाहन से जानवर की तरह ढोए जा रहे श्रमिक

**अनदेखी**

**प्राइवेट नम्बर के वाहनों का टैक्सी के रूप में हो रहा प्रयोग, राजस्व को लग रही चपत**

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के एफजीडी साइट में कार्यरत विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी प्राइवेट नम्बर के वाहनों को टैक्सी के रूप में किराए पर लेकर इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कम्पनियों में कार्यरत श्रमिकों को लाने के लिए माल ढोने वाली दर्जन भर पिकप लगाया गया है, जिसमें भेड़-बकरियों की तरह श्रमिकों को ढोया जा रहा है, इससे परिहवन विभाग के राजस्व की जहां चोरी की जा रही है, वहीं सड़क दुर्घटना को दावत दिया जा रहा है। सम्भ्रांत लोगों ने एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ समेत पुलिस प्रशासन से जानलेवा खेल तत्काल बन्द कराए जाने की मांग की है।

बताया गया कि वर्तमान में रिहंद परियोजना में प्रदूषण मुक्त प्लांट एफजीडी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें बाहर से आयी विभिन्न कार्यदायी कम्पनियां काम कर रही हैं। थरमेक्स, कुबेर, पावरट्रॉनिक्स, डेल्टा, एनर्जयो, प्रिया, बैगिन इंडिया, शिवम, जिपॉवर सहित दर्जनों कार्यदायी कम्पनियां प्लांट के अंदर प्राइवेट वाहन जीप, कार, मैजिक, पिकप कैम्पर आदि वाहनों से स्टाफ और श्रमिकों को लेकर अंदर जाने और उनके घर तक पहुंचाने के लिए किराए पर वाहन लगाए हैं। जिसमें ज्यादातर वाहन प्राइवेट परमिट पर संचालित हैं।

परिवहन विभाग के नियमों और कानूनों को ताख पर रख कर कार्यदायी संस्थानों में श्रमिकों को जानवरों की तरह वाहनों में ठूंस कर परियोजना के मैटीरियल गेट तक बेरोकटोक धड़ल्ले से पहुंचाया जा रहा है। विभिन्न कंपनियों में कुछ दलाल किस्म के कर्ताधर्ता प्राइवेट मालवाहक वाहनों से मिल रहे मोटे कमीशन के लालच में इस जानलेवा खेल को अंजाम देने में लगे हुए हैं और श्रमिकों के जिंदगी से खिलवाड़ पर आमादा हैं। सूत्रों से मिली जानकारी पर भरोसा करें तो अधिकांश वाहनों में किसी का फिटनेस फेल है, तो किसी का इंश्योरेंस फेल है। बड़ी बात तो यह है कि यह सारा खेल एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे होने के बावजूद भी जिम्मेदार मौन धारण किए हैं। बदइन्तजामी के बावजूद न तो पुलिस की इन गाड़ियों पर नजर पड़ती है और न ही इन वाहनों के गेटपास जारी करने वाले सुरक्षा विभाग की और न सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों की। जिससे सेटिंग के तहत दलाल मोटे कमिशन के चक्कर में डग्गामार सस्ते दामों पर वाहनों को किराए पर रखकर श्रमिकों के जीवन से खिलवाड़ करने पर आमादा हैं। लोगों ने एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ, प्रभारी से मांग किया है कि जांच कर शीघ्र कड़ी कार्रवाई की जाय। एनटीपीसी अपर महाप्रबंधक सेफ्टी जिम्मी जोसेफ ने कहा कि हमें इस तरह की जानकारी नहीं थी, ऐसी शिकायत आयी है तो हम इस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करेंगे। एआरटीओ धनवीर यादव से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसिब नही हुआ।



वाहन में भूसे की तरह भरे श्रमिक

## जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में नई बाजार की टीम बनी विजेता



**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तत्वावधान में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से जिला स्तरीय प्रतियोगिता मंगलवार को देर शाम संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें नईबाजार की पूर्व माध्यमिक विद्यालय सब जूनियर बालिका वर्ग की फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थाना हासिल किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद चंदौली में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27 और 28 जनवरी को महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज चंदौली के परिसर में कराया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टी फूंडे की ओर से किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, जूडो, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से सब जूनियर बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नईबाजार की बालिकाओं ने फुटबॉल खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल टीम मेंटर अरुण रत्नाकर ने बच्चों की जीत पर हर्ष व्यक्त किया और आगे जोन स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की कामना किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जमील अहमद, धर्मराज प्रसाद ज्योति भारद्वाज, सतीश कुमार, सुरेश कुमार, मृत्युंजय आदि ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम



**दुद्धी।** महुली में चल रहे 77 वें राजा बरियार शाह फुटबॉल टूर्नामेंट महाकुंभ के चौथे दिन पहला मैच सासाराम बिहार व आजमगढ़ यूपी के बीच खेला गया। मैच के प्रथम हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। वहीं दूसरे हाफ मैच में सासाराम के खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने पहला गोल दागा व अरमान खान ने दूसरा गोल आजमगढ़ टीम ने दाग कर 2-0 से जीत अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरा मैच औरंगाबाद बिहार और जरही छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी उमा महेश ने एक गोल दाग कर अपने टीम को बढ़त दी। दूसरे हाफ में जरही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी सूरज ने दूसरा गोल किया। औरंगाबाद के खिलाड़ी बिट्टू ने तुरंत एक गोल दागा और मैच को रोचक बना दिया। जरही के खिलाड़ी पियूष ने तीसरा गोल दागा, जिससे मैच 3-1 से जरही छत्तीसगढ़ ने जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीसरा मैच महुली बी बनाम डीहरी बिहार के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें गोल करने का प्रयास करती रही, लेकिन पहले हाफ तक कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे मैच में डीहरी ने मेजबान महुली बी को कर्नल हेड द्वारा एक गोल दाग कर 1-0 से बढ़त बनायी और अंतिम समय तक अपना दम दिखाते रहे, लेकिन अंत तक डीहरी ने मेजबान महुली बी को एक गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

## अलाव ताप रही महिला झुलसी, रेफर



**दुद्धी।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली गांव में बुधवार को आग तापते समय एक महिला झुलस गई। झुलसी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सको ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि महिला सुबह आग ताप रही थी। उसी दौरान किसी कारण उसके कपड़ों में आग लग गई। जिसे देखते ही परिजनों ने आग बुझाया। झुलसी संगीता 38 पत्नी स्व. अशोक निवासी महुली को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डा. संजीव कुमार ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार सहायक लोको ड्राइवर की मौत

**दुःखद**

**विद्युत विहार कालोनी में हुआ हादसा, ड्यूटी से अपने घर जा रहा था राहुल कुमार**

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** स्थानीय पावर प्रोजेक्ट के आवासीय परिसर विद्युत विहार कालोनी में ऑटो से टकराकर 32 वर्षीय सहायक लोको ड्राइवर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवा दिया। बताया गया कि बुधवार को पटना बिहार का मूल निवासी रेलवे में सहायक लोको ड्राइवर के पद पर कार्यरत राहुल कुमार पुत्र अरुण कुमार महतो ड्यूटी से अपने निवास बुलेट से विंध्यनगर जा रहा था कि परियोजना के आवासीय परिसर विद्युत विहार कालोनी में मनोरंजन केंद्र के पास बोलेरो को ओवर टेक करने के चक्कर में ऑटो से टकराते हुए ब्रेकओवर के लिए खड़े रेलिंग में जा टकराया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद आस पास के लोगों ने उसे तत्काल परियोजना के संजीवनी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां डाक्टरो ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। पिछले वर्ष ही इसकी शादी हुई थी एवं साल भर की एक छोटी बच्ची है। जानकारी होने पर सहयोगी अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचित कर दिया। मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़

# मौनी अमावस्या पर पश्चिम वाहिनी गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**आस्था**

## मौनी अमावस्या पर मौन होकर स्नान करने से मिलता है पुण्य

जनसंदेश न्यूज



बलुआ पश्चिम वाहिनीं घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

**चहनियां।** मौनी अमावस्या (माघ मेला) पर बुधवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण गंगा घाट खचाखच भरा रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने पश्चिम वाहिनीं घाट पर पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान दान का सिलसिला भोर से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। स्नानार्थियों व मेला की भीड़ के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही।

बाल्मीकि इंटर कालेज फील्ड से लेकर चहनियां तक मेले में दुकानों पर खरीदारी करने वालो की भीड़ लगी रही। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर अलसुबह से ही गंगा तट पर स्नानार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया। समूचा गंगा घाट, राम घाट सराय स्नानार्थियों से पट गया।

लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से गंगा घाट पर कहीं जगह नहीं बची। आस्थावानों ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर डुबकी लगाने के बाद हर हर गंगे, हर हर महादेव के उद्घोष के साथ गुंजायमान रहा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर साधु संतों व भिक्षुओं को दान पुण्य किया। जिलाधिकारी निखिल टी फुडे के निर्देश के बाद स्नानार्थियों के सुरक्षा व सुविधा के व्यापक इंतजाम रहा। गंगा घाट के समीप रैन बसेरा, अस्थायी शौचालय व महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था। भोर में स्नानार्थियों को घाट पर परेशानी न हो इसके लिए प्राथमिक विद्यालय, थाने से लेकर घाट तक जिला पंचायत विभाग लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त रही। घाट पर बैरिकेडिंग के साथ ही पुलिस, एनडीआरएफ की टीम,जल पुलिस टीम, गोताखोर की टीम स्नान के दौरान नाव बोर्ड पर आक्रमण कर खतरे से आगाह करती रही।

घाट पर गंगा सेवा समिति के वालंटियर लोगों की मदद में लगे रहे। उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा, क्षेत्राधिकारी रघुराज और बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा के नेतृत्व में भारी मात्रा में फोर्स, चहनियां से लेकर बलुआ घाट पर चक्रमण करती रही।

### स्नानार्थियों की सेवा में लगे स्टाल

**चहनियां।** मौनी अमावस्या पर बलुआ पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर स्नानार्थियों की मदद में सामाजिक संगठनों की भी सक्रियता देखने को मिली। सामाजिक संगठनों ने स्टाल लगाकर स्नानार्थियों की सेवा व मदद किया। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने मेला का माइक के द्वारा खोया पाया व अन्य रचनाओं का संकलन किया। समिति के कार्यकर्ता लोगों की मदद में लगे रहे। इसके अलावा कई संस्था के लोगो ने घाट पर निशुल्क चाय का वितरण किया।

### मेले का लोगों ने उठाया आनन्द

**चहनियां।** बलुआ पश्चिम वाहिनीं के माघ मेले में वैसे तो चहनियां से लेकर बलुआ बाल्मीकि फील्ड में भीड़ रही किन्तु सर्वाधिक भीड़ बाल्मीकि इंटर कालेज के फील्ड पर दिखने को मिला। मेला में पत्थर की ओखली, जाता, सील, लोढ़ा, मसूर आदि की खूब बिक्री हुई। वही गुड़हिया जलेबी, चाट, पकौड़ी, मिष्ठान, श्रृंगार आदि की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखी। बच्चों व लोगो ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया।

### मौनी अमावस्या नहाने गई दो महिलाओं के बिछड़ने से परिजन परेशान

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के रुपेठा सकलडीहा गांव से 28 महिला पुरुष मंगलवार की सुबह नीजि साधन से महाकुंभ मौनी अमावस्या पर प्रयागराज स्नान करने गये। जहां दो महिलाएं कुम्भ में खो गई। बुधवार की शाम तक उनका पता नहीं चलने पर परिजन परेशान हो गए। महिलाओं के परिजन डीडीयू स्टेशन पर आकर महिलाओं को ढूंढने लगे। स्टेशन के बाहर अपनी आप बीती पत्रकारों को बताया। रुपेठा सकलडीहा गांव से मंगलवार की सुबह एक पी कप पर 28 महिला पुरुष मौनी अमावस्या पर नहाने के लिए प्रयागराज गए वहां 65 वषीर्या कलावती देवी पत्नी स्वर्गीय घर भरन यादव व आशा देवी पत्नी लाल मुनी अपने वहां तक नहीं पहुंच पाई। जो कुम्भ में कही खो गई। उनके साथ के लोगों से मोबाइल पर बात करने पर वह लोग दोनों महिलाओं को मेले में खो जाने की बात कही। जिससे उनके परिजन परेशान होकर उनके खोज में निकल गए। रुपेठा गांव निवासी अरविंद यादव ने बताया कि प्रयागराज में भगदड़ होने से कोई अनहोनी मेरी मां कलावती देवी के साथ तो नही हुआ। आशा देवी के पुत्र ने कहा कि प्रयागराज में भक्तों से दर्जनों की मौत हुई है इसलिए पूरे परिवार के लोग परेशान हो गए इस बाबत वीडियो स्टेशन पर उन्हें कोई बताने वाला नहीं मिला।

### पुलिस की तत्परता से श्रद्धालु का मिला मोबाइल व बैग



**सकलडीहा।** प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ को लेकर जिले की पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रही। बलुआ मौनी अमावस्या पर महिला श्रद्धालुओं के सहयोग के लिये सुबह से ही खड़े रहे। बुधवार को सुबह मुगलसराय कैलाशपुरी की महिला श्रद्धालु का टेम्पू से उतरते समय मोबाइल और बैग गिर गया। सधन तिराहे पर तैनात दरोगा धर्मदेव सिंह और पैंथर पुलिस की मदद से मोबाइल और बैग को बरामद करते हुए श्रद्धालु को सौंप दिया गया। कोतवाली पुलिस और टेम्पू चालक की निष्ठा का सराहना किया। मुगलसराय कैलाशपुरी निवासी सविता सिंह अपनी दो बेटियों के साथ मुगलसराय से बलुआ मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिये जा रही थी। सकलडीहा सधन तिराहे के समीप उनका मोबाइल और बैग गिर गया। चहनिया की ओर से सवारी टेम्पो चालक रंजय पांडेय तेनुवट निवासी ने मोबाइल उठा लिया। थोड़ी देर बाद महिला श्रद्धालु मोबाइल नहीं होने पर परेशान होगयी। मौके पर तैनात पुलिस को तत्काल सूचना दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल उस नंबर पर फोन कर टेम्पू चालक से बात किया। टेम्पू चालक सवारी छोड़कर करीब आधे घंटा बाद मोबाइल लेकर आने पर पुलिस ने महिला श्रद्धालु को बैग और मोबाइल सौपा। पुलिस की तत्परता और टेम्पू चालक की निष्ठा का महिला श्रद्धालुओं ने सराहना किया।

**संक्षेप**

### उत्कृष्ट कार्य करने पर एसपी ने पत्रकार को किया सम्मानित



पत्रकार वैभव मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक

**चंदौली।** उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य व कानून व्यवस्था में सहयोग करने के लिये पूर्व सभासद व पत्रकार वैभव मिश्रा को पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें.ने प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है। और पत्रकार की भूमिका मार्गदर्शक की है। इसलिए समाज हित सर्वोपरि रखते हुए पत्रकारिता की जानी चाहिए। पत्रकार भी समाज के अभिन्न अंग होते हैं। जैसा समाज को देंगे, वैसा ही समाज से हमें मिलेगा।

### दो अपराधियों के खिलाफ हुई जिला बदर की कार्रवाई

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने जनपद में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने को विशेष अभियान तहत दो आदतन अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की। डोडाहे चौहान निवासी चंधासी थाना मुगलसराय व मन्नी अली उर्फ मनी अली हसरत मोहानी नगर थाना सैयदराजा को छह माह के लिए जिले की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित किया गया हैं। यदि शहर की सीमा में भटकते या सक्रिय दिखे तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी। जिला बदर आरोपियों पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है।

## मौनी अमावस्या: मनोज डब्लू ने पश्चिम वाहिनी में लगाई डुबकी

जनसंदेश न्यूज



मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं के बीच मौजूद मनोज सिंह डब्लू।

**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर पश्चिमी वाहिनी गंगा तट पर डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ मां गंगा की वंदना की। साथ ही लोक कल्याण एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की और घाट पर मौजूद लोगों से भी मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या स्नान का हिन्दू धर्म में विशेष स्थान है। पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए मां गंगा का आचमन किया। साथ ही लोक कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उन्होंने बलुआ तट पर पूजन-अर्चन व दान आदि करके पुण्य के भागी बने।

इसके साथ ही उन्होंने बलुआ गंगा तट पर आए श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका कुशल-क्षेम जाना। साथ ही बलुआ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था व बंदोबस्त में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बाबत बातचीत की। कहा कि बलुआ में दूरदराज से श्रद्धालु मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर स्नान के लिए आएं हैं। लिहाजा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो प्रशासन इसका ध्यान रखें। उन्होंने नाव से भ्रमण कर घाट पर मौजूद लोगों व श्रद्धालुओं से सतर्कता के साथ ही गंगा स्नान करने की अपिल करते नजर आए, ताकि इस पावन अवसर पर कोई अप्रिय घटना ना होने पाए। दूसरी ओर मौनी अमावस्या स्नान व मेले के मद्देनजर बलुआ गंगा तट पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। वहां पुलिस प्रशासन की टीम के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य लोगों की मदद करते हुए नजर आए। वहीं गोताखोरों व जल पुलिस की टीम नाव से पानी में सक्रिय रही, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### प्रयागराज में भगदड़ की सूचना पर कुंभ स्पेशल ट्रेन निरस्त

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज में कुम्भ मौनी अमावस्या पर स्नान के दौरान भगदड़ के बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन से होकर प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। यही नहीं प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को स्टेशन पर प्रवेश पर रोक लगा दी गई। ऐसे में देर शाम तक 50 हजार से अधिक स्नानार्थी स्टेशन से ही वापस लौट गए। वहीं प्रयागराज से स्नान कर वापस लौटने वाले स्नानार्थियों को संभालने में प्रशासनिक अमले को पसीने बहाने पड़े। नियमित ट्रेनों के अलावा 12 स्पेशल ट्रेनों से प्रयागराज से आने वाले यात्रियों को वापस भेजा गया। मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए मंगलवार को स्टेशन पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह स्थिति देर रात तक चलती रही। इस बीच आधी रात के बाद संगम स्नान के दौरान भगदड़ की सूचना मिलते ही डीडीयू स्टेशन पर अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया। वहीं प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेनों को रोक दिया गया। वहीं यात्रियों को भी प्रयागराज जाने से रोक दिया गया।जीआरपी आरपीएफ व रेल प्रशासन की ओर से स्टेशन के मुख्य गेट पर ही बैरियर लगाकर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों का स्टेशन पर प्रवेश रोक दिया गया। यात्री पार्सल गेट से न प्रवेश करें इसके लिए इस गेट को भी बंद कर दिया गया।जिससे स्टेशन के बाहर पचास हजार से अधिक यात्रियों की भीड़ हो गई।

## लोकतंत्र को बचाने के लिए पीडीए को करना होगा मजबूत: जितेन्द्र



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जितेन्द्र सिंह जितू

**चंदौली।** सपा के दिशा निर्देश पर ग्राम सभा कटेसर में पीडीए जन पंचायत चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे संविधान बचाने और बाबा साहब के विचारो को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओ को घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की गई। सपा के नेता जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं। और वो समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान भी देते रहे हैं। बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं। जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। कहा कि सपा पीडीए पंचायत के माध्यम से समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित लोगों को मजबूत करने में लग गई है। पीडीए पंचायत की मदद से सपा एक बार फिर आरक्षण के माध्यम से हक और अधिकार के लिए लोगों जुटाने की जुगत में है। साथ ही जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को भी इसमे शामिल किया गया है। इस दौरान सुदामा यादव, अरशद सिद्दीकी, विजय यादव, अमित यादव, गोविंद यादव, जलालुद्दीन अंसारी, अमरनाथ जायसवाल मोनू, सूर्यप्रकाश भारती, मुसाफिर सिंह चौहान, चन्द्रशेखर यादव, मौजूद रहे।

## सोलह लाख रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**बबुरी।** पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही में बुधवार को एक मिनी ट्रक में रखे तीन सौ दो पेटी में दो हजार छ सौ चौसठ लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अंग्रेजी शराब की किमत लगभग सोलह लाख रुपए बताई जा रही है। तस्करों ने ट्रक में बड़े रेफ्रिजरेटर जैसी केबिन बनाकर शराब की पेटियां छुपा रखी थीं। पुलिस की सक्रियता ने शराब की एक बड़ी खेप को बाजार में पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार बबुरी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मद्य निषेध यूनिट विभाग पटना से सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने क्राइम प्रभारी और पुलिस बल के साथ चंद्रप्रभा नदी पुलिया के पास घेराबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। कुछ ही देर में संदिग्ध मिनी ट्रक मौके पर पहुंचा। जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो पीछे लगे बड़े रेफ्रिजरेटर नुमा केबिन में भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। ट्रक को जब्त कर थाने ले आयी तथा रेफ्रिजरेटर नुमा केबिन को खोला गया तो उसमे 302 पेटी (2664 लीटर) अंग्रेजी शराब बरामद हुआ , जिसकी कीमत 16 लाख रुपये आंकी गयी। पुलिस अब इस पूरे तस्करी नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे अवैध शराब की खेप जम्मू-कश्मीर से देवघर, झारखंड ले जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दिलीप केशन (35) निवासी खेड़ा पट्टी, खंडवा (मध्य प्रदेश) और गुलजार खान, निवासी दरियाबाग, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

## दून एक्सप्रेस के ठहराव का श्रेय लेना एक राजनीतिक ड्रामेबाजी: धर्मेंद्र तिवारी



**चंदौली।** रेल मंत्रालय द्वारा मुख्यालय स्थित चंदौली-मझवार रेलवे स्टेशन से दून एक्सप्रेस का ठहराव दुबारा प्रारंभ होने पर इसका श्रेय लेने के लिए मची राजनीतिक होड़ से जिले की जनता अपने आपको को ठगी महसूस कर रही है। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए राजनीतिक दलों के जिले में विद्यमान कुल तीन सांसद और विधायक की उपस्थिति ने अवसर को हास्यास्पद बना दिया। उक्त बातें कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में रेल मंत्रालय द्वारा कुछ ट्रेनों को निरस्त करने के साथ कुछ ट्रेनों का अस्थायी तौर पर स्टॉपेज समाप्त किए गए थे।

लेकिन लगता है जनपद में कोरोना काल अब समाप्त हुआ है। मंगलवार को दून एक्सप्रेस के ठहराव पर हरी झंडी दिखाने के लिए आयोजित सरकारी समारोह में राजनीतिक दलों द्वारा इसका श्रेय लेने के होड़ होड़ मची रही। कहा कि यह एक राजनीतिक ड्रामेबाजी के अलावा कुछ नही था। चंदौली मझवार स्टेशन पर दून एक्सप्रेस का ठहराव तत्कालीक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल अलीम साहब के कहने मात्र से पंडित कमलापति त्रिपाठी ने करा दिया था। आज उसी ट्रेन का पुनः ठहराव होने पर तीन सांसद और विधायक श्रेय ले रहे हैं। और सियालदाह एक्सप्रेस का ठहराव तो पं.कमलापति त्रिपाठी ने 1976 में ही कराया था। चंदौली और सैयदराजा में लगातार दोनों स्टेशनों पर बाद में 1980 में तो दून एक्सप्रेस को नरवन क्षेत्र के दर्जनों गांवों की? मांग पर लगातार तीसरे स्टेशन कर्मनाशा पर रोकने का आदेश भी किया था। बाद की सरकारों में ये ठहराव खत्म कर दिये गये थे। जिले में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थापित करके भारतीय रेलवे के मानचित्र पर चंदौली को प्रमुख स्थान दिया था। जितना झंडा जिले के सांसद गणों एवं नेताओं ने चंदौली-मझवार स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस के मात्र दो मिनट के ठहराव का श्रेय लेने के लिए दिखाया।

## डीडीयू स्टेशन पर अधिक भीड़ के कारण गिरा युवक, घायल



स्टेशन पर गिरकर घायल युवक



यात्री की हालत खराब होने पर जांच पड़ताल करते रेलवे चिकित्सक

**डीडीयू नगर।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज जाने वाली और प्रयागराज से वापस लौटने वालों की स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ रही। स्थिति यह हो गई। भीड़ के कारण एक महिला अचेत हो गई। वहीं गिरकर एक यात्री चोटिल हो गया। वहीं स्नान कर वापस लौटते समय ठंड लगने से एक यात्री गंभीर रूप से बीमार हो गया। जिसे रेलवे चिकित्सकों ने जांचोपरांत लोको अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीडीयू स्टेशन पर बुधवार की सुबह सात बजे प्लेटफार्म संख्या सात और आठ पर ओड़िशा के चालीस वर्षीय बालेश्वर निवासी चिन्मई जेना अपने पति के साथ कुंभ स्नान के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंची। ट्रेन निरस्त होने की सूचना पर स्टेशन पर अधिक भीड़ हो गई।

प्लेटफार्म पर भीड़ देखकर चिन्मई अचेत हो गई। यात्रियों ने उसे अलग स्थान पर बैठाया और मुंह पर पानी का छींटा मारा। इसके बाद वह होश में आई। इसी तरह सुबह नौ बजे कौशलपुर खड़गपुर मुंगेर बिहार निवासी 19 वर्षीय उमेश दास अपनी मां शोभा देवी और छोटे भाई शंकर के साथ हावड़ा से कुंभ स्नान के लिए डीडीयू स्टेशन पर पहुंचा। तभी वह प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने प्लेटफार्म संख्या सात और आठ पर पहुंचा। यहां ट्रेन निरस्त होने और अत्यधिक भीड़ के कारण वापस लौटने लगा। तभी भीड़ के कारण वह गिर गया और चोटिल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोको मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह दोपहर एक बजे महाकुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। इसमें सवार यात्री पचास वर्षीय रामसेवक साव निवासी बेगूसराय बिहार ठंड लगने से अचेत हो गया। टीटीई की सूचना पर रेलवे के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीएस झा मौके पर पहुंचे और रामसेवक का प्राथमिक उपचार के बाद लोको अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसके पूर्व किसी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर डीडीयू यार्ड में जफरपुर के समीप गिरकर युवक जख्मी हो गया।

### मानिसक मंदित विद्यालय जाने वाला धरहरा मड़ई मार्ग जर्जर

**सकलडीहा।** क्षेत्र का धरहरा (मड़ई) को विशुनपुरा से जोड़ने वाला मार्ग लम्बे समय से जर्जर है। इसपर आवागमन करने में ग्रामीणो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी सड़क का मरम्मत नही हुआ। इससे लोगों में भारी आक्रोश है। जबकि इसी मार्ग पर मानसिक मंदित विद्यालय भी है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई है। दशकों पूर्व विशुनपुरा से धरहरा (मड़ई) करीब दो किमी सड़क का निर्माण हुआ है। लेकिन रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गिट्टिया बिखरकर किनारे लग चुकी है। पूरी सड़क गड्ढो में तब्दील हो चुकी है। इस पर लोग हिचकोले खाते हुए चल रहे है। जबकि इसी सड़क से मानसिक मन्दित बिद्यालय भी है। इस पर चलने में सबसे अधिक दिक्कत महिलाओ, बच्चो और वृद्ध लोगो को हो रही है। गांव के शामू यादव, बलवंत यादव, मुसाफिर, पारस, दीपक का कहना है कि सबसे ज्यादा दिक्कत तो बरसात के दिनों में होती है। पानी भर जाने से गड्ढे का पता नही चलता है। जिससे राहगीर गिरकर चोटिल होते है। लोगो ने जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलरियागंज, आजमगढ़

पत्रांकः मेमो/न0पा0प0बि0/2024-25 दिनांकः 22.01.2025

स्वच्छ सर्वेक्षण, 2024

हम सब ने ठाना है। बिलरियागंज को स्वच्छ बनाना है।।
वृक्ष धरा का भूषण है। करता दूर प्रदूषण है।।
मन में यह संकल्प जगाये। प्लास्टिक कभी प्रयोग में न लाये।।
स्वच्छता अपनाये। बीमारी दूर भगाये।।

स्वच्छ सर्वेक्षण, 2024 के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलरियागंज, आजमगढ़ के समस्त नगरवासियों को गणतंत्र दिवस-2025 की हार्दिक शुभकामनाये तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करती है-

1. प्लास्टिक/धर्माकोल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इस का उपयोग करता पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एवं अर्थदण्ड का प्राविधान है।
2. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य कराये।
3. गृहकर को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एवं नगर पालिका परिषद का सहयोग करें।
5. न0 पा0 प0 बिलरियागंज, आजमगढ़ को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच करना एवं गंदगी फैलाना एक सामाजिक अपराध है। खुले में शौच करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही एव अर्थदण्ड लगाया जायेगा।
6. जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहाये।
7. सार्वजनिक पोखरी, तालाब, मैदान सड़क नाला नाली के उपर अवैध अतिक्रमण न करें।
8. प्रकाश बिन्दु को न तोड़े, दिन में बल्व आदि जलता पाया जाने पर नगर पालिका परिषद को सूचित करें।
9. नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
10. सूखा कूड़ा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डाले।
11. कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो तथा जनमानस को हानि हो।
12. (DCCC) टोल फ्री नं0-1533

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज, आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज, आजमगढ़



मौनी अमावस्या को लेकर गोमती में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और पुरोहितों को दान पुण्य भी किया।

# जौनपुर



# महाकुंभ हादसे के बाद रोका गया मार्ग




प्रयागराज मार्ग पर बैरिकेडिंग व मौजूद पुलिस

**मुस्तैदी**

## रामलीला में तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था

### तहसील प्रशासन, नगर पालिका व सामाजिक कार्यकर्ता बने मददगार

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** हादसे की खबर के बाद हाईअलर्ट हुये प्रशासन द्वारा प्रयागराज मार्ग पर बैरियर लगाकर जाने वालों को रोका जा रहा है। एक बैरियर खुटहन मार्ग पर लगा है वहीं दूसरा बैरियर जौनपुर रोड पर लगाया गया है। प्रयागराज जाने वाले दूर के यात्रियों को तहसील मुख्यालय के बगल स्थित रामलीला मैदान में रोका जा रहा है। इनके खान-पान की व्यवस्था की गयी है।

तहसीलदार आशीष सिंह ने बताया कि घटना के बाद आये आदेश के क्रम में तत्काल रामलीला मैदान की साफ-सफाई कराया गया। मेलार्थियों हेतु नाश्ते में केला संतरा व भोजन उपलब्ध कराया गया। बताया महाकुम्भ क्षेत्र से मेलार्थियों को लाने हेतु सौ बसें प्रयागराज भेजा गया है। आवश्यकतानुसार और बसें भेजी जायेगी। व्यापक तैयारियों के मद्देनजर सभी विभागों से बेहतर कोआर्डिनेशन किया गया है। वहीं भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू द्वारा चाय बिस्कुट पानी की व्यवस्था किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया है। तहसीलदार आशीष सिंह, नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, नपा अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, डा. हरिओम मौर्या, फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र यादव समेत तमाम अधिकारी कर्मचारियों ने अथक परिश्रम कर मेलार्थियों हेतु व्यापक व्यवस्था किया।

## मौनी अमावस्या पर संगम तट पर स्नान करने गई महिला की भगदड़ में मौत

**मीरगंज।** सरायममरेज थाना स्थित जंघई पुलिस चौकी अंतर्गत नेदुला बजती गांव निवासी माघ मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रही 65 वर्षीय ममित्रा देवी विश्वकर्मा की भगदड़ में कुचल जाने से मौत हो गई। वह पति फूलचंद विश्वकर्मा के साथ अमृत स्नान की आस्था लिए संगम तट पर डेढ़ बजे रात स्नान करने गई थी। लौटते समय उसी मार्ग से श्रद्धालुओं का रेला संगम तट पर जा रहा था। दोनों ओर से भीड़ बढ़ने पर मची भगदड़ से ममित्रा गिर पड़ी तो उठ नहीं पाई। जबकि पति फूलचंद्र बैरिकेटिंग के लिए लगे खंभे को कसकर पकड़े था जिससे वह गिरने से बच गया। सावधानी बरतते हुए रेल प्रशासन प्रयागराज से स्नान कर चुके श्रद्धालुओं को ट्रेनों से उनके गंतव्य तक पहुंचा रहा है। प्रयागराज होते हुए मुंबई आदि शहरों को जाने वाली ट्रेनों को लेट कर चलाया जा रहा है ताकि संगम में भीड़ न बढ़ने पाए। ट्रेनें लेट होने से मुंबई जाने वाले कुछ यात्री अपनी यात्रा कैंसिल कर रिजर्व टिकट वापस भी करते दिखे। इस संबंध में जंघई स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि ट्रेनें कैंसिल नहीं की गई हैं। प्रयागराज में भीड़ न बढ़े इसलिए काशी एक्सप्रेस, सारनाथ, कामायनी का रूट डायवर्ट कर दिया गया है जबकि बुंदेलखंड को 6 घंटे से अधिक विलंब से चलाया जा रहा है।

## महाकुम्भ में स्नान करने गए वृद्ध की मौत

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मड़वा दोदक गांव निवासी कुंभ स्नान करने गए हुए थे। रात्रि करीब दो बजे उनकी अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई। परिजनों को मौत सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। गांव के पूर्व ग्राम प्रधान व गांव के अन्य लोग शव को घर लाये। जानकारी के अनुसार मौनी अमावस्या पर स्नान करने गए मड़वा दोदक गांव निवासी राजमणि बिन्द (70) पुत्र स्व. रामदेव बिन्द की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11:30 बजे अचानक उनकी तबियत खराब हो गयी। गांव के ही स्नान करने गए लोगों की मदद से उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया जा रहा था कि तभी रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। साथ में स्नान के लिए गए मृतक के नाती अनुराग (15) वर्ष सुमित (17) वर्ष व भांजा सग्गू बिंद ने घर पर घटना की सूचना दी। मौत की खबर पाते ही परिजनों में मातम छा गया। गांव की ही पूर्व प्रधान गंगा प्रसाद बिन्द, दयाराम शव को लेकर घर आए। बेटा सुभाष बिन्द रोजी-रोटी के लिए मुम्बई में रहकर कार्य करता है। पिता की मौत की सूचना मिलते ही सुभाष पर गमों का पहाड़ सा टूट गया। तत्काल हवाई जहाज का टिकट लेकर पिता की अंतिम क्रिया में शामिल होने के लिए निकल गये। दो माह पूर्व सुभाष की मां इंद्राजी की भी मौत हो गयी थी। बेटा सुभाष मां की मौत की दुःख से बाहर नहीं निकल पाया था कि तभी पिता ने भी साथ छोड़ दिया।

## कुंभ में भगदड़ को लेकर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से की रुकने की अपील



कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से वार्ता करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला प्रशासन प्रयागराज की सूचना के अनुसार मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है जिसके कारण अल्पसमय के लिए वहां पहुंचने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया है जिससे व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सुबह से ही मछलीशहर, सतहरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने, शौचालय पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज, लोहिया पार्क सहित अन्य जगहों पर निःशुल्क ठहरने, उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारीगण सुबह से ही सक्रिय होकर कार्य कर रहे है।

## कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को रोका गया



**रामपुर।** मौनी अमावस्या के दिन बिहार से लगभग 12 बसें श्रद्धालुओं को लेकर तीर्थ नगरी प्रयागराज कुंभ में स्नान करने के लिए जा रही थी लेकिन प्रयागराज में श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 4.5 करोड़ हो जाने के कारण थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला ने सभी श्रद्धालुओं की बसें वाल्थर इंटर कॉलेज मई के सामने रोकवाकर वाल्थर इंटर कॉलेज में ठहरने की ब्यवस्था की गई। वाल्थर इंटर कॉलेज के प्रबंधक शिवसागर तिवारी ने कॉलेज के व्यवस्थापक दीनानाथ तिवारी को कहाकि की जेनरेटर चलाकर सभी श्रद्धालुओं को पानी पीने की व्यवस्था कर दीजिए तथा श्रद्धालुओं को खाना खाने की ब्यवस्था सिधवन प्राथमिक विद्यालय पर विकास खण्ड अधिकारी अभिनव सरोज के निर्देश पर सचिव अभय सरोज, राज कुमार सरोज, आकाश यादव, राणा राम बहादुर, प्रधान रामधनी आदि लोगों ने भोजन बनावाकर लोगो तक पहुंचाने में लगे रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में उप निरीक्षक राम अनुज मिश्रा, बाबूराम, हेड का. ओमप्रकाश मिश्रा, त्रिलोकी सिंह, पंकज यादव आदि लोग लगे हुए हैं।

## स्नानार्थियों के लिए लगी एम्बुलेंस, पहुंची स्वास्थ्य टीम



**जंघई।** प्रयागराज के महाकुम्भ में जाने और वहां से लौटने वाले बीमार व घायलों के इलाज के लिए जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर डाक्टरों की एक टीम एम्बुलेंस से पहुंच कर यात्रियों को दवा वितरित कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए और आम जनता के लिए भी जंघई स्टेशन पर एम्बुलेंस जिले से लगाई गई है जो श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के लिए गए हैं या आ रहे उनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क कैम्प लगाया गया है। तीन डाक्टरों की टीम लगाई गई है। टीम में डा. विकास पटेल, नर्स आकांक्षा पटेल, फार्मासिस्ट सुरेन्द्र प्रताप कन्नौजिया शामिल रहे। डा. विकास पटेल ने बताया कि बुधवार को जंघई स्टेशन पर मोबाइल बैन एम्बुलेंस से लोगो को दवा वितरित किया गया। तीन फरवरी को भी जंघई में कैम्प लगाया जायेगा जिससे जो श्रद्धालु महाकुंभ में जाने वाले हैं और आने वाले हैं उनको कोई दिक्कत न हो उनका इलाज सही समय पर किया जायेगा। हम लोग सुबह आठ बजे से सवा चार बजे तक कैम्प लगाएंगे।

## संक्षेप

### मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**जौनपुर।** मौनी अमावस्या पर बुधवार को आदि गंगा गोमती के घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान आदि करके पुरोहितों को दान किया। स्नान के पर्व को लेकर गोमती नदी के हनुमान घाट, सूरज घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। जबकि मौनी अमावस्या को लेकर एक दिन पहले से घाटों की साफ सफाई करा दी गई थी। मां शीतला धाम चैकिया और मां मैहर मंदिर में दर्शन पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ रही। मौनी अमावस्या पर्व के चलते सुबह ही मंदिरों के पट खोल दिए गए थे। देर शाम तक लोग मंदिरों में दर्शन पूजन करते रहे। उधर मौनी अमावस्या को लेकर गोमती में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पुरोहितों को दान पुण्य भी किया। ज्ञात हो कि मौनी अमावस्या के दिन नदियों व सरोवरों में देवताओं का निवास होता है। इसी कारण मौनी अमावस्या के दिन नदियों में स्नान और दान को खास महत्व दिया जाता है। माघ महीने को पुण्य का महीना माना जाता है। इस महीने में दान धर्म और पूजा अर्चना का अलग ही महत्व होता है। इस बार मौनी अमावस्या बुधवार को पड़ने के कारण इसका महत्व और बढ़ गया है। मौनी अमावस्या पर दान का बहुत ही महत्व होता है।

### चाट विक्रेता का हत्यारोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी बाजार में बीते शनिवार को पिता व पुत्र ने मिलकर एक चाट विक्रेता को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने दो लोगों को बुधवार गिरफ्तार कर लिया। जर्रो गांव का निवासी राजेश मोदनवाल (45) चाट बेचने वाली ठेला लगाता था। बीते शनिवार गांव के ही दो लोगों ने मिलकर मल्हनी बाजार स्थित राइस मिल के पास लाठी डंडों से मारपीट कर अधमरा कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान सोमवार को इलाज के दौरान हो गई मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक राजेश के भाई की तहरीर पर दो नामजद के खिलाफ केस दर्ज कराया था। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि बुधवार को दबिश के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### दो पैसैन्जर ट्रेन निरस्त, गोदान व साप्ताहिक स्पेशल का रूट डायवर्ट

**जफराबाद।** महाकुम्भ मेले में भगदड़ के बाद की स्थिति को देखते हुए जंक्शन से प्रयागराज जाने वाली एजे पैसेन्जर 54376/75 व जौनपुर बरेली पैसेन्जर 4201/02 को बुधवार को निरस्त कर दिया गया है और गोरखपुर से चलकर जफराबाद के रास्ते प्रयागराज जाने वाली गोदान एक्सप्रेस 11056 के रूट को डायवर्ट कर वाराणसी के रास्ते से चलाया जा रहा है। स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन एलटीटी एक्सप्रेस जो अयोध्या से चलकर जफराबाद से मड़ियाहूं होकर जाती थी उसे भी वाराणसी के रास्ते चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने दी। आरपीएफ चौकी इन्चार्ज प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कुम्भ मेले की भगदड़ को सुनकर फिलहाल कुम्भ जाने वाले यात्री आज स्टेशन परिसर में नहीं नजर आ रहे है। जिनका किसी ट्रेन का रिजर्वेशन है वहीं स्टेशन परिसर में दिख रहे हैं। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ व जीआरपी के सिपाही लगाये गये हैं।

### सवारी बैठाने से मना करने पर ऑटो चालक को मारपीट कर किया घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव के पास जौनपुर-केराकत मार्ग पर सोमवार की देर शाम सवारी बैठाने से मना करने पर मनबढ़ों ने ऑटो चालक को मारते पीटते हुए ऑटो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बता दें कि सर्वेश शर्मा ग्राम सोसापट्टी थाना केराकत ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की शाम वह जौनपुर से अपने घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में गजना के पास एक मनबढ़ युवक अकरम उसके ऑटो को रोककर उसमें सवारी बैठाने की जिद करने लगा। सर्वेश के द्वारा मना किए जाने पर उसने अपने तीन और अन्य दोस्तों को बुला लिया और सर्वेश (25) को हॉकी डंडे से मारते पीटते हुए घायल कर दिया। उसका ऑटो भी तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सर्वेश शर्मा की तहरीर पर थाना पुलिस ने अकरम सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलते ही गजना निवासी अकरम और तीन अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो ने लांच किया नया डेस्टिनी 125




**लांचिंग**

### बेहतरीन माइलेज व भरोसेमंद परफॉर्मेंस का अनूठा संयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** हीरो मोटोकार्प दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी ने नया डेस्टिनी 125सीसी ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो पर लांच किया गया। नये डेस्टिनी 125 सीसी की लांचिंग हीरो मोटोकार्प के टेरेटरी मैनेजर सेल्स रौनक वैध व सोशल मीडिया स्टार रोली जौनपुरिया व आदर्श यादव की उपस्थिति में उनके द्वारा किया गया।

लॉन्चिंग के दौरान वेंकटेश्वर हीरो व ऑटो व्हील्स के अधिष्ठता मनोज कुमार व उनके पुत्र लक्ष्य गुप्ता मौजूद रहे। लक्ष्य गुप्ता ने लॉन्चिंग के समय नए डेस्टिनी 125 सीसी के बारे में बताया की डेस्टिनी आधुनिक तकनीक, बेहतरीन माइलेज व भरोसेमंद परफॉर्मेंस का अनूठा संयोजन में नए डेस्टिनी 125 सीसी से 59 किमी, पीएल का बेहतरीन माइलेज प्रदान करता है। यह स्कूटर 125 सीसी का दमदार इंजन 9 बीएचपी @ 7000 आरपीएम के साथ हीरो की बेहतरीन 135 टेक्नोलॉजी से युक्त नए डेस्टिनी में स्मार्ट स्पीड मीटर, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, इको इंडिकेटर (ऑटो कैंसिल विन्कर्स पहली बार) व ब्लूटूथ आदि जैसे बेहतरीन फीचर प्रदान किये गए है। नए डेस्टिनी 125 सीसी की एक्स शोरूम कीमत 80450 रुपये से शुरू होती है। इस स्कूटर को तीन वैरिएंट व पांच कलर के साथ बाजार में उतारा गया है। हीरो के नए डेस्टिनी स्कूटर 125 सीसी के लॉन्चिंग के समय ऑटो व्हील्स व वेंकटेस्वर के जनरल मैनेजर सत्य प्रकाश शुक्ल व सेल मैनेजर शिवानन्द राय ने बताया की नयी डेस्टिनी 125 सीसी स्कूटर आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यह स्कूटर ग्राहकों को खूब पसंद आएंगी। उक्त मौके पर सेल्स टीम के विशाल मौर्या, पंकज, पूनम, पुष्कर, शनि पांडेय व अनिकेत इत्यादि मौजूद रहे। अंत में ऑटो व्हील्स व वेंकटेश्वर हीरो के वरिष्ठ अधिष्ठाता मनोज ने उपस्थित सभी ग्राहकों, मीडियाकर्मी व अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धूमधाम से मनाया गया श्री महामाया मंदिर का प्रथम श्रृंगार महोत्सव

**आयोजन**

### काशी के विद्वान पंडितों ने किया रुद्राभिषेक

### देर रात तक चलता रहा भंडारा, भजन संध्या में झूमते रहे भक्त

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला ईसापुर मेनरोड गली नं. 2 में प्राचीन श्री महामाया मंदिर का प्रथम श्रृंगार महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर में रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ। रूद्राभिषेक के लिए काशी से सात विद्वान पंडित आए थे। इस दौरान श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़े। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। तत्पश्चात विशाल भंडारा और भजन संध्या का आयोजन हुआ। सभासद प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में मोहल्ले व आस-पास के मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक भंडारा और भजन संध्या का कार्यक्रम चलता रहा। एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके पूर्व सुबह लगभग 11 बजे मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण होते ही राष्ट्रगान और उसके बाद भारत माता के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर अरुण राजू गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, जगदीश साहू, दिलीप गुप्ता, विजय गुप्ता, जयप्रकाश, महेंद्र साहू, राजन शर्मा, साजन शर्मा, जीतेंद्र गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, दिनेश यादव, बंटी सचदेवा, कृष्णा साहू, प्रदीप गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, दीपक साहू, बृजेश मद्देशिया, रविंद्र साहू, सन्नी गुप्ता, अंकित, गोलू, मंगेश मद्देशिया, रवींद्र गुप्ता, मुन्ना सेठ ने विशेष भूमिका निभाई।

## आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं तो समाज होगा सशक्त : संजय श्रीवास्तव

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के ग्राम सभा खलीलपुर गोरारी में नित्या गारमेंट्स और दोना-पत्तल उत्पाद केंद्र का भव्य शुभारंभ बुधवार को किया गया। जिसका शुभारंभ एडीओ आइएसबी संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर-के किया। उक्त केंद्र उत्तर-प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफीद साबित होगा। इससे उनके कौशल को प्रोत्साहन मिलेगा, जब महिलाएं आत्मनिर्भर होगी तभी समाज सशक्त होगा। इस दौरान ब्लॉक मिशन प्रबन्धक संदीप द्विवेदी ने कहा कि यह केंद्र न केवल रोजगार के नए



अवसर उपलब्ध कराएगा बल्कि अन्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। समाज में महिलाएं अब साबित कर रही है कि उनके सामूहिक प्रयास से उनके सपने साकार हो रहे है। कार्यक्रम महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित वस्त्र अजर दोना-पत्तलों की प्रदर्शनी भी लगाई जिसे लोगों ने सराहा। अंत में उन्होंने बताया कि यह केंद्र उत्तर-प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित होगा जिसे नमः शिवाय आजीविका महिला व कृष्ण महिला प्रेरणा ग्राम संगठन द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संदीप मौर्य, पूर्व प्रधान आनंद बरनवाल, सुनीता देवी, सुशीला देवी, समहू सखी चित्रकला, बीसी सखी माधुरी मौर्य स्वयं सहायता की सखियां समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जंघई।** ककरहा गाँव में एक सप्ताह पहले मारपीट व गोली चलने की घटना में जंघई पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। ककहरा गाँव में पिछले बुधवार को दो पक्ष के लोग आमने सामने आ गये जिसमे हुई गोली बारी में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गये थे जिसमे पुलिस ने 5 नामजद व 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार देर शाम जंघई सराय ममरेज चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य ने आरिफ शेख निवासी तिलकठ सराय ममरेज, राज ठाकुर निवासी हरदुआ (सकरवारी) थाना दुर्गागंज जनपद भदोही, विशाल यादव उर्फ मंगला ग्राम बसेरवा थाना मीरगंज जौनपुर, अर्जुन बिन्द निवासी नेदूला थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज को जंघई जरौना मार्ग के रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह का कहना है कि गिरफ्तार लोगो के पास से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एक हॉकी एक डंडा एक तलवार बरामद किया गया।

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास संभव : प्रभात

**प्रतियोगिता**

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**जनसंदेश न्यूज**




**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के जेपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता उमंग के समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रभात ने कहा कि आज बच्चों के लिए खेलकूद की बहुत बड़ी आवश्यकता है। बच्चे अपना समय मोबाइल में ही ज्यादा बिता रहे हैं जो की बहुत हानिकारक है। खेलकूद के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से बच्चे स्वस्थ होते हैं।

इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट, रस्साकशी जैसे अनेक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता बच्चों को शील्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट आदि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश द्विवेदी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा बहुत ही अनुशासन में रहकर खेल को खेला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार श्याम शंकर पांडेय ने किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक डॉ. विवेक मिश्रा ने किया। आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने किया। इस अवसर पर नवीन मिश्रा, मयंक तिवारी, प्रेषण चंद, अमर बहादुर यादव, सचिन चौरसिया, नसीम बानो आदि अध्यापकों के साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## ई- रिक्शा खंदक में पलटा, चालक की मौत

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के शिकारपुर बैजारामपुर मार्ग पर स्थित भटेवरा गांव के समीप मंगलवार की रात एक ई-रिक्शा के खंदक में पलट जाने से 40 वर्षीय चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया विधिक कार्रवाई में जुट गई। सरायख्वाजा के जलालपुर गांव निवासी राजेश यादव (40) परिवार के भरण पोषण के लिए ई-रिक्शा से सवारी लाने ले जाने का कामकाज करता था। परिजनो ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार को भी घर से ई-रिक्शा लेकर निकला हुआ था। देर रात हो जाने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो लोगों ने खोजबीन करना शुरू कर दिया। सुबह करीब 6 बजे सड़क से होकर गुजर रहे लोगों ने देखा कि सड़क किनारे खंदक में एक ई-रिक्शा पलटा हुआ है। पास जाकर लोगों ने देखा तो ई रिक्शा चालक नीचे दबा हुआ था। लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक राजेश को दो बच्चे है। परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम हेतु थाने पर तहरीर दी। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर शव को कब्जे में ले लिया गया है घटना का कारण अज्ञात है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार तीन युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इमरानगंज बाजार में सड़क दुघर्टना में स्कार्पियो की चपेट में आने से दो बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के इमरानगंज बाजार में तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने दो बाइकों में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया जिसमें जौनपुर के सिपाह मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय दावर पुत्र सिद्दीक व 38 वर्षीय अहद पुत्र शफीक व मजडीहा गांव निवासी 24 वर्षीय रेहान पुत्र इसराइल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दिया है।

# महाकुंभ में भगदड़ को लेकर भदोही जिला प्रशासन अलर्ट

**सतर्कता**

### प्रयागराज जाने वाले वाहनों को रोका

### जाने की जिद कर रहे स्नानार्थियों को प्रशासन ने समझा बुझा कर कराया शांत

जनसंदेश न्यूज



प्रयागराज जाने की जिद कर रहे स्नानार्थियों की सेवा में लगे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता

**गोपीगंज।** प्रयागराज महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के मौके पर संगम नोज पर देर रात्रि 2 बजे से ढाई बजे के बीच अचानक भगदड़ मच गई। जिसमे काफी स्नार्थियो के घायल होने की सूचना पर भदोही जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई पड़ा और हाइवे पर हाई अलर्ट हो गया।

प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले स्नानार्थियों से विनर्मता के साथ प्रशासनिक अधिकारी प्रयागराज महाकुंभ में जाने वालों को रोकते रहे और कहते देखे गए कि वहां की स्थिति जब तक सामान्य नही हो जाती आप लोग नही जाएं। गैर प्रदेशों से आए हुए स्नार्थी महाकुंभ में जाने की जिद पर अड़े रहे जिसे बाद में समझाबुझाकर मना लिया गया। और जिन्हे काशी वाराणसी को जाना था उनकी गाडियों को सुरक्षित निकलवाकर वापस किया। गुलाबधर मिश्र इन्टर कॉलेज में लगे शिविर में स्नार्थियों के लिए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी, प्रभारी अधिशासी अधिकारी डॉक्टर अनुपम सिंह, भदोही अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह और समाजसेवी उनके नाश्ता खाना पानी के इंतजाम में लगे रहे। वहीं स्नार्थियों ने बताया की चार बजे भोर से हम यहां पर खड़े है।

## वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुनीत मेहरा ने किया पोषण पोटली का वितरण



मरीजों में पोषण पोटली का वितरण करते वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुनीत मेहरा

**भदोही।** भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए टी.बी. (क्षय रोग) मुक्त भारत अभियान के तहत भदोही नगर के सिविल लाइन रोड स्थित वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक अनूठे जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अभियान भारत को 2025 तक टी.बी. मुक्त बनाने का उद्देश्य लेकर चल रहा है, और वुडवर्ड पब्लिक स्कूल ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में जन स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए एक पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 50 टी.बी. रोगियों को पोषण पोटली और कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. आर.बी. पाठक, जिला क्षय रोग अधिकारी, ने शिरकत की, साथ ही विद्यालय के प्रबंधक पुनीत मेहरा और प्रधानाचार्य शालिनी मेहरा भी उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधक पुनीत मेहरा ने इस अवसर पर रोगियों को यह बताया कि टी.बी. से संबंधित सभी दवाएं पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम में विनोद कुमार विश्वकर्मा, जय प्रकाश, श्री राकेश कुमार दुबे, राजेश कुमार यादव जैसे अन्य प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कन्नौज व मथुरा ने जीते अपने मैच



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सुरियावां के खण्ड विकास अधिकारी सुधाकर दुबे

**प्रतियोगिता**

### कन्नौज ने आगरा को, मथुरा ने जौनपुर को दी मात

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्यारहवें दिन बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में कन्नौज ने आगरा को व दूसरे मैच के मथुरा की टीम ने जौनपुर को हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करती हुई कन्नौज की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों के मैच में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाए। जवाब में खेलने आगरा की टीम 18 ओवर में सात विकेट पर 107 रन बना पाई। इस प्रकार कन्नौज ने आगरा को चौदह रनों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। दूसरे मैच में मथुरा ने जौनपुर को 48 रनों से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

गुरुवार को प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच मथुरा और कन्नौज के बीच व दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब व कानपुर के बीच खेला जाएगा। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। चौके, छक्के व विकेट पर दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच के मुख्य अतिथि रहे सुरियावां के खण्ड विकास अधिकारी सुधाकर दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया।

# कुम्भ यात्रियों के भोजन के लिए डीएम ने की अपील



काका ओवर सीज लिमिटेड के निदेशक यादवेंद्र राय काका की ओर से श्रद्धांलुओं को जल पान उपलब्ध कराते कंपनी के लोग



श्रद्धालुओं को लाई गट्टा पानी देते नगर पंचायत खमरिया चेयरमैन महमूद आलम और ईओ

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** रुके कुंभ यात्रियों की सहायता के लिए जिलाधिकारी विशाल सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों और कालीन निर्यातकों से श्रद्धालुओं के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

डीएम की इस अपील का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि, व्यावसायिक संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सहायता के लिए आगे आए।

### यादवेंद्र राय काका ने की जलपान की व्यवस्था

भदोही। जिलाधिकारी द्वारा की गई अपील को संज्ञान में काका ओवरसीज लिमिटेड के निदेशक यादवेंद्र राय काका ने जीटी रोड पर फंसे कुम्भ यात्रियों को भारी मात्रा ने पानी व नास्ते का प्रबंध किया। जाम में फंसे यात्रियों के पास अपनी गाड़ियों से नाश्ते को भेज कर उपलब्ध कराया। काका कार्पेट के निदेशक यादवेंद्र राय काका के निर्देश पर दर्जनों कर्मी काका ओवरसीज लिमिटेड के गाड़ियों से राजमार्ग पर पहुँचकर श्रद्धालुओं की जलपान की व्यवस्था में जुट गए। यादवेंद्र राय काका ने जिले के जनप्रतिनिधियों, व्यावसायिक संगठनो और सामाजिक कार्यकर्ताओ से श्रद्धालुओं की सहायता के लिए आगे आने की अपील की है।

### खमरिया चेयरमैन महमूद आलम और ईओ श्रद्धालुओं की व्यवस्था में जुटे

**गोपीगंज।** जिलाधिकारी द्वारा सोशल मीडिया पर की गई अपील को संज्ञान में नगर पंचायत खमरिया चेयरमैन महमूद आलम और ईओ श्रद्धालुओं की व्यवस्था में जुट गए नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बाबूसराय में श्रद्धांलुओं को लाई गट्टा पानी की व्यवस्था की।

# महाकुंभ में न जा पाने से परेशान और चिंतित दिखे स्नानार्थी

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** महाकुंभ में भगदड़ के बाद सतहरिया में प्रयागराज जा रही बसों को रोक दिया गया है। पुलिस ने जानकारी स्वरूप बताया कि अगले आदेश आने तक के लिए प्रयागराज जा रहे सभी वाहनों को रोक दिया गया है। अगला जैसा आदेश निर्देश मिलेगा उसी प्रकार कार्य किया जाएगा। रुके हुए स्नानार्थियों को प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था सुलभ कराई गई है।

मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में जा रहे स्नानार्थियों को मेले में भगदड़ की सूचना के बाद जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया में सारे वाहनों को रोक दिया गया। विदित हो कि गोरखपुर, आजमगढ़, बलिया, मऊ, दोहरीघाट, बदलापुर, सुजानगंज, जौनपुर से आने वाले सभी वाहन इस मार्ग से होकर ही प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे हैं। भगदड़ के बाद सतहरिया में पुलिस ने सभी छोटे बड़े वाहनों को रोक दिया। जिसके चलते श्रद्धालुओं को अगले आदेश का इंतजार करना पड़ रहा है। उनकी लालसा है कि कब वाहनों के जाने से रोक हटे और वो गंगा में इस पावन पर्व मौनी अमावस्या पर स्नान करे। जल्द स्नान करने को लेकर स्नानार्थियों में जो उत्साह देखने को मिल रहा था वह समय के साथ धीरे धीरे कम होता जा रहा है। कई श्रद्धालु तो मायूस देखे गए। उनको अब भी लग रहा है कि कितनी जल्द उनके वाहनों को जाने का आदेश मिले और वो गंगा स्नान कर लें जिससे उनका जीवन धन्य हो जाए। जैसे जैसे समय बीत रहा है वैसे वैसे स्नान के लिए न जा पाने से उनके चेहरे पर मायूसी और उदासी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि स्नानार्थियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों को रोका गया है। स्नानार्थियों के लिए सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था की गई है। अगला आदेश जैसा प्राप्त होगा उसी पर अमल किया जाएगा।

**अफसोस**

### महाकुंभ में भगदड़ के पश्चात रोकी गई सतहरिया में बसें

### तारा टीएमटी सरिया ने भी श्रद्धालुओं को बाटा लंच पैकेट




**मुंगराबादशाहपुर।** महाकुंभ में भगदड़ के बाद जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया में रोके गए वाहनों पर सवार स्नानार्थियों को जहां प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था की गई है वहीं इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए टीएमटी सरिया के मालिक फूलचंद्र यादव के साथ ही प्रबंधक दिलीप खूंटियां ने भी लंगर चला कर श्रद्धालुओं हेतु लंच पैकेट और भोजन बांटा जा रहा है। इस सम्बन्ध में प्रबंधक दिलीप खूंटियां ने बताया कि श्रद्धालुओं को लंच पैकेट और भोजन सुलभ कराया जा रहा है। इस पुनीत कार्य को करके हम लोग अपने जीवन को सफल कर रहे हैं। ऐसी सेवा का मौका जब तक मिलेगा उसमें हमलोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहेंगे। इससे जीवन धन्य हो गया। ऐसा अवसर कभी कभार मिलता है।

### हाइकोर्ट ने चरागाह की भूमि पर अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

**सुइथाकला।** क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर गांव में चरागाह की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर हाइकोर्ट ने अतिक्रमण मुक्त कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के आदेश से लोगों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि उक्त गांव स्थित बाजार में चरागाह की भूमि पर लोगों ने काफी पहले से कब्जा कर रखा है जिसके सन्दर्भ में स्थानीय निवासी सुयश उपाध्याय द्वारा उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट याचिका योजित की गई थी। उच्च न्यायालय मे योजित जनहित याचिका नोटिस संख्या 3585/2025 में न्यायालय द्वारा दि. 23.01.2025 को मामले में निस्तारण हेतु आदेश पारित किया गया। मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसीलदार आशीष सिंह द्वारा राजस्व निरीक्षक उदयभान सिंह की अध्यक्षता में राजस्व टीम का गठन कर अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। राजस्व निरीक्षक की टीम में लेखपाल रमेश वर्मा, सनन्दन भट्ट, विकास सिंह, विकास केसरवानी, अमरजीत सहाय को शामिल किया गया है। प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किए जाने के उपरान्त चरागाह की भूमि पर कब्जा धारकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## संक्षेप

### मौनी अमावस्या : गंगा घाट पर उमड़ी आस्था की भीड़ लगाई पुण्य की डुबकी

**गोपीगंज।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्नान, दान और ध्यान का पर्व मौनी अमावस्या का महापर्व हर्षोल्लास पूर्वक परम्परा गत ढंग से मनाया गया। रामपुर गंगा घाट सहित अन्य प्रमुख घाटो पर बड़ी संख्या मे लोगों ने पूण्य की डुबकी लगाई। महाकुंभ प्रयागराज मे अत्यधिक भीड़ के कारण होल्डिग एरिया मे रोके गए लोगों के साथ प्रयागराज जाने से वंचित आस पास गांव के लोग भी रामपुर घाट पर स्नान दान किया। इसके चलते स्थानीय घाटो पर भीड़ बढ़ गई थी। महाकुंभ के इस शाही स्नान पर शुभ मुहूर्त मे गंगा मे डूबकी लगाने के लिए अधिकाशंतः लोग प्रयागराज पहुच कर संगम मे स्नान कर पूण्य अर्जित किया, वही प्रयागराज न पहुच पाने वाले बड़ी संख्या मे जनपद, नगर व आसपास गांव के लोगो के साथ होल्डिग एरिया मे रोके गए लोग भी रामपुर, गुलौरी, चतुमुर्खी, बिहरोजपुर, बेरासपुर, जहागीराबाद, भवानीपुर व अन्य घाटो पर स्नानके लिए प्रातः काल से ही पहुचने लगे थे समय के साथ घाटो पर भीड़ बढ़ती गई। गंगा घाट पर पहुंच रहे लोगो ने पूण्य की डूबकी लगाकर दर्शन पूजन किया। सुरक्षा के मद्दे नजर महिला कांस्टेबल के साथ बड़ी संख्या पुलिस के जवान ड्यूटी पर लगाये गए थे।

### मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की बैलेंस बिगड़ने से सड़क पर गिर जाने से मौत



**औराई।** बुधवार की शाम समय करीब 3:00 बजे थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज से ग्राम तिउरी के तरफ जा रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवक सोनू गौतम पुत्र दिनेश गौतम उम्र 20 वर्ष व अंकित गौतम पुत्र रमेश गौतम उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम मेघीपुर थाना औराई जनपद भदोही मोटरसाइकिल पर सेल्फी लेते समय बैलेंस बिगड़ने से तिउरी के पास सड़क पर गिर गए, जिससे दोनों को गम्भीर चोटे आईं। सूचना पर घायलों को तत्काल ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक श्रद्धालु नहीं थे।

### ऑनलाइन 72 हजार की ठगी के मामले मे पुलिस ने कायम किया मुकदमा




**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के सीखापुर निवासी बंशीधर पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी। बताया कि उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक गोपीगंज मे है। उनके पंजाब नेशनल बैंक के बचत खाता से 20 जनवरी को तीन बार में 72,196 रुपए (बहत्तर हजार एक सौ छानबे रुपये) यूपीआई के माध्यम से साईबर ठगो द्वारा निकाल लिया गया है। जिससे प्रार्थी काफी हैरान व परेशान है। ठगी की सूचना साइबर क्राइम भदोही को दे दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोपीगंज पुलिस ने भी मुकदमा कायम कर लिया।

### मिर्जापुर रोड मैरिज लॉन से बाइक चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**गोपीगंज।** चौकी अंतर्गत मिजार्पुर रोड स्थित एक लान से मोटर साइकिल के चोरी का मामला आया है। बताया जाता है कि चिंतामणि चकहर दयाल गांव थाना औराई निवासी गौरी शंकर पुत्र पन्नालाल अपनी मोटरसाइकिल अप 66 के 3139 पैशन प्रो मिजार्पुर रोड स्थित मैरिज लॉन के बाहर खड़ी कर अंदर शादी समारोह में सम्मिलित होने को गया। खाना खाने के बाद जब बाहर निकाला तो देखा कि उसकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के पश्चात थाना गोपीगंज में तहरीर दी, तारीख के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का होगा मुफ्त इलाज

**भदोही।** सनाथपुर प्राथमिक विद्यालय में दो फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्त्री एवं प्रसूति रोग के साथ बच्चों में होने वाली बीमारियों का ईलाज किया जाएगा। इसके अलावा बीमारियों की जाँच और शल्यचिकित्सा भी की जाएगी। शिविर में आए मरीजों की निशुल्क जांच और मुफ्त में इलाज किया जाएगा। इस दौरान छोटे बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन के लिए पंजीकरण भी कराया जाएगा। निः शुल्क शिविर में योग्य डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे जो मरीजों की जांच करेंगे। पूर्व ग्राम प्रधान लल्लन उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सनाथपुर प्राथमिक विद्यालय पर 02 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 तक किया जाएगा। सान्वी और सूर्य ट्रामा सेंटर औराई की तरफ से आयोजित इस निः शुल्क शिविर में स्त्री एवं प्रसूती रोग, शुगर, हृदय रोग, बहरापन, हर्निया, हाइड्रोसील अपेंडिक्स जैसी बीमारियों की मुफ्त में जांच और ईलाज किया जाएगा।

### शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी गई मौन श्रद्धांजलि

**गोपीगंज।** शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदो को नमन करते हुए सर्व समाज जनहित पार्टी ने मौन श्रद्धांजलि दी, इस दौरान राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह के नेतृत्व मे मिजार्पुर तिराहा स्थित शहीद स्थल पर पहुचे लोगों ने स्वाधीनता संग्राम मे प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन करते हुए शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता समर की वेदी में अनेक शहीदों ने अपनों प्राणों की आहुति दी है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वाधीनता के वातावरण में प्रगति पथ पर आगे बढ़ सके। शहीद दिवस पर उनके बलिदानों को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को अक्षुण बनाए रखने में सभी की नैतिक दायित्वों का आत्मीय बोध कराया गया। इसके पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूण्य तिथि की पूर्व संध्या पर सर्वसमाज जनहित पार्टी के कैंप कार्यालय मे प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जहां महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर कैशर खान, घनश्याम कौशल, प्रथम सिंह, सतीश पांडेय, जगदीश कुमार, बाबा मास्टर सहित अन्य रहे।

## संक्षेप

### राजकीय आईटीआई शाहगंज में रोजगार मेले का आयोजन 31 को

**जौनपुर।** शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहगंज कैम्पस में 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की एस0के0 इलेक्ट्रानिक, डेक्शोन टेक्नोलॉजी इण्डिया लिमिटेड एवं एल0जी0 इलेक्ट्रानिक्स इण्डिया प्रा0लि0 के द्वारा इलेक्ट्रानिक्स मशीन एवं सुपरवाइजर आदि पदों पर भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

### पूर्व नपा अध्यक्ष पत्नी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**शाहगंज।** नपा के पूर्व अध्यक्ष स्व. जितेंद्र सिंह की पत्नी स्व. उषा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उषा देवी चेयरमैन रचना सिंह की सासू मां थी। पुत्र नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह बंटी व बड़े पुत्र पूर्व ब्रिगेडियर प्रेमजीत सिंह ने माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर व हवन पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान श्रृद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, एडवोकेट संजय यादव, दिनेश चन्द्र जायसवाल, एखलाक अंसारी, राम प्रसाद मोदनवाल समेत समस्त सभासद नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी समेत गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मानवता तार-तार, पुलिस ने मरीजों को भी इलाज के लिए जाने से रोका

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** मौनी अमावस्या के महापर्व पर सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ को नियंत्रित करने व रुट डाइवर्जन के लिए चंदवक चौराहे पर लगाए गए बैरिकेटिंग पर तैनात दरोगा की मनमानी से मानवता तार तार होती नजर आई। बीमारी से ग्रस्त मरीजों को वाराणसी तो दूर कस्बे में भी इलाज के लिए भी जाने नहीं दिया गया। वहीं कई जगहों पर बसों के खराब हो जाने से ठंड में यात्री इंतजार में बैठे नजर आए। डोभी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण लोग चढ़ नहीं पाए और निराश हो लोग वापस लौट गए।

मौनी अमावस्या के पर्व पर भारी भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने जगह जगह बैरिकेटिंग की थी जिससे वाराणसी की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का रुट डाइवर्ट किया जा सके। चंदवक चौराहे पर लगाए गए बैरिकेटिंग पर तैनात दरोगा की मनमानी चर्चा की विषय बनी रही। बड़े वाहनों को आसानी से औड़िहार की तरफ मोड़ा जा रहा था लेकिन बीमार लोगों को इलाज के लिए वाराणसी की तरफ नहीं जाने दिया जा रहा था। हद तो तब हो गई जब मरीज को कस्बे के डॉक्टरों के पास भी इलाज के लिए नहीं जाने दिया गया। ड्यूटी पर तैनात दरोगा की करतूत के कारण मानवता तार तार होती नजर आई। दारोगा के असंवेदनशीलता की चर्चा दिन भर होती रही। मौनी अमावस्या पर्व पर स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालु बसों के खराब होने से ठंड में बैठे इंतजार करते रहे। डोभी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में खड़े श्रद्धालुओं को निराश हो वापस लौटना पड़ा कारण कि गाजीपुर-औड़िहार से ही ट्रेनें भरी भरी आ रही थीं। ट्रेन में भीड़ के दबाव के कारण कई श्रद्धालु उतर कर वापस घर चले गए।

# 10 कैंपों में बकायेदारों से वसूले गए 21.63 लाख राजस्व

**केराकत।** विद्युत विभाग द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त समाधान योजना के तहत बुधवार को कुल दस स्थानों पर काउंटर सहित वसूली कैंप लगाए गए। अधिशासी अभियंता ग्रामीण दिव्य रंजन के अनुसार इस अवसर पर कुल 347 उपभोक्ताओं ने अपने पंजीकरण कराए और 21.63 लाख रुपए जमा किए। 238 पुराने और बड़े विद्युत बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन भी काट दिए गए साथ ही समस्याग्रस्त 17 उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी निदान किया गया।

इस अवसर पर एसडीओ संजीव कुमार भास्कर और अवर अभियंता नगर चित्रसेन तथा अन्य उपखंडों के सहायक अभियंता व अवर अभियंता सक्रिय रहे।

## बिजली विभाग के एक्सईएन ने हर दुकान पर चेक किया कनेक्शन

### मीटर रीडिंग सुपरवाइजर को लगायी फटकार

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के रामपुर बाजार में एक्सईएन प्रथम दिब्य रंजन सिंह ने पूरे बाजार में अपनी टीम के साथ अभियान चलाकर हर एक दुकान की जांच की और उन्होने बताया कि 31 जनवरी तक एकमुश्त योजना (ओटीएस) का द्वितीय चरण समाप्त हो रहा है। एक फरवरी से तृतीय चरण शुरू होगा जिसमें उपभोक्ताओं को ब्याज में 40 प्रतिशत छूट मिलेगी। उपभोक्ता इसका लाभ अवश्य लें। कुछ उपभोक्ता मीटर रिडिंग की शिकायत पर मीटर रिडिंग सुपर वाइजर को फटकार लगायी। जेई गुन्जन यादव ने अभियान के तहत ज्यादा बिल बकाया या अवैध कनेक्शन पर एक सप्ताह के अन्दर 13 एफआईआर दर्ज कराये। एक्सईएन ने बताया कि सरकार के निर्देश पर छूट का अभियान चलाया गया है कि ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सके।

### एसडीओ ने लिखा कॉन्ट्रैक्टर कम्पनी को पत्र, स्मार्ट विद्युत मीटरों में गलत रीडिंग का मामला

**केराकत।** विरोध के बावजूद भी क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं की जानकारी और न जानकारी में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाए जा रहे हैं और इन मीटरों में गलत और अधिक रीडिंग भरने का मामला सामने आता जा रहा है जिससे उपभोक्ता और स्थानीय विभागीय अधिकारी परेशान हो उठे हैं। बुधवार को एसडीओ संजीव कुमार भास्कर ने मीटर लगाने वाली फर्म जेएमआर के सुपरवाइजर स्मार्ट मीटर को पत्र लिखा है। पत्र में स्मार्ट मीटर पर बदले हुए पुराने मीटर की सीलिंग प्रमाण पत्र से वास्तविक रीडिंग की जांच कर मिलान करने की बात कही गई है। एसडीओ द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि फर्म के द्वारा बदले गए मीटरों पर उपभोक्ताओं द्वारा मीटर सीलिंग प्रमाण पत्र और वास्तविक मीटरों की रीडिंग में अन्तर होने की शिकायत आम हो गई है जिससे यूनिट अन्तर के लास होने की प्रबल संभावना है। पत्र में निर्देशित किया गया है कि बदले गए समस्त मीटरों के सीलिंग प्रमाण पत्र एवं मीटर के साथ उपस्थित होकर रीडिंग जांच कर लैब रिपोर्ट तैयार करने हेतु उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे स्टोर रीडिंग अथवा अनियमित रीडिंग का निराकरण होने के साथ ही विभाग की छवि को धूमिल होने से बचाया जा सके।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

